

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या में रामलला के दर्शन करते हुए। इस मौके पर भाव विभोर नजर आए सीएम।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 73 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।"

स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख




# 'वन नेशन, वन इलेक्शन': समिति ने सौंपी रिपोर्ट

## = अविश्वास प्रस्ताव-त्रिशंकु सदन की स्थिति में...', एक देश-एक चुनाव पर कोविंद समिति ने कीं कई सिफारिशें

**सिफारिशें**

**8 अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में शेष पांच साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा और राज्यों की विधानसभा के सहित विभिन्न निकायों के एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई है। इसमें सिफारिश की गई है कि त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में शेष पांच साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

**दो चरणों की सिफारिशः** एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्चस्तरीय समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए दो चरणों वाले दृष्टिकोण की सिफारिश की है। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले चरण के रूप में, लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं। इसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं।

समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों संबंधी जरूरतों के लिए पहले से योजना बनाने की सिफारिश की। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची, मतदाता पहचान पत्र तैयार करेगा।

**लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी।

**राज्यों के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगीः** समिति ने सिफारिश की है कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कई संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है जिनमें से ज्यादातर के लिए राज्यों के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जिम्मेदार है, जबकि नगर निकायों और पंचायतों के चुनावों का प्रबंधन राज्य चुनाव आयोगों द्वारा किया जाता है।

**अमित शाह भी रहे मौजूदः** इससे पहले रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। समिति ने ह्यएक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। रिपोर्ट 18,626 पन्नों की है।

### 'सभी सिफारिशें सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होनी चाहिए'

**समिति** के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की थी कि समिति 2029 में एक साथ चुनाव कराने का सुझाव देगी। साथ ही इससे संबंधित प्रक्रियात्मक और तार्किक मुद्दों पर चर्चा करेगी समिति के एक दूसरे सदस्य ने भी नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि समिति का मानना है कि उसकी सभी सिफारिशें सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन यह सरकार पर निर्भर है कि वह उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करे। दूसरे सदस्य ने यह भी कहा कि रिपोर्ट में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्राची मिश्रा द्वारा एक साथ चुनावों की आर्थिक व्यवहार्यता पर एक पेपर शामिल है। रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों का भी उल्लेख किया जाएगा।

### इसलिए बंद हुआ था एक साथ चुनाव कराना...

**एक** रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में 1951-52 और 1967 के बीच तीन चुनावों के डाटा का इस्तेमाल किया गया है। यहां यह तर्क दिया गया है कि एक पहले की तरह अब भी एक साथ चुनाव करना संभव है। बताया गया कि एक साथ चुनाव कराना तब बंद हो गया था जब कुछ राज्य सरकारें अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर गई थीं या उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था, जिससे नए सिरे से चुनाव कराने की आवश्यकता पड़ी।

**करीब छह महीने पहले सौंपा गया था कामः** एक देश, एक चुनाव वाली कोविंद समिति देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान के अंतिम पांच अनुच्छेदों में संशोधन की सिफारिश कर सकती है। प्रस्तावित रिपोर्ट लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए एक एकल मतदाता सूची पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

### क्या एक साथ चुनाव के लिए तैयार है देश?



**टीम एक्शन इंडिया**

**रामनाथ** कोविंद समिति ने 'एक देश, एक चुनाव' का मसौदा राष्ट्रपति को सौंप दिया है। दावा है कि इस मसौदे में समिति ने 2029 में देश में एक साथ लोकसभा और सभी विधानसभाओं का चुनाव कराने का प्रस्ताव किया है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं और बाद में दूसरे चरण में नगर निगम स्तर के चुनाव कराने का सुझाव दिया गया है। लेकिन देश की राजनीति में यह एतिहासिक बदलाव आना तभी संभव होगा, जब वर्तमान सरकार यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटें। साथ ही, संवैधानिक बाध्यता है कि इस कानून को लागू करने से पहले देश के कम से कम आधे राज्यों की विधानसभाओं से पास कराना पड़ेगा।

### विपक्ष ने इस फैसले को संघीय ढांचे के लिए 'खतरा' बताया

**विपक्षी** गठबंधन ने इस फैसले को देश के संघीय ढांचे के लिए 'खतरा' करार दिया था। समिति में लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य हैं। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समिति की बैठकों में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए, जबकि विधि सचिव नितेन चंद्रा समिति के सचिव हैं। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व कानून और किसी भी अन्य कानून और नियमों में विशिष्ट संशोधनों की जांच और सिफारिश करेगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य से संशोधन की आवश्यकता होगी।

## सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। सदन के नेता पीयूष गोयल और इंफोसिस के संस्थापक व सुधा मूर्ति के पति नारायण मूर्ति उनके शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किये जाने की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में उनके योगदान की सराहना की थी। उल्लेखनीय है कि सुधा मूर्ति एक भारतीय शिक्षिका, लेखिका, समाजसेविका और इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष हैं। वह गेट्स फाउंडेशन की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पहल की सदस्य भी हैं। मूर्ति ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया की स्थापना की है।

## अजित पवार शरद पवार के नाम व उनकी तस्वीर का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी के अजित पवार गुट से दो दिन में अंडरटेकिंग देने को कहा है कि वो चुनाव प्रचार में शरद पवार के नाम और उनकी तस्वीर का इस्तेमाल न करे। इस मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। दरअसल, शरद पवार गुट की ओर से शिकायत की गई थी कि अजित पवार गुट अभी भी वोटरों से अपील के लिए शरद पवार के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताते हुए अजित पवार गुट से कहा कि जब चुनाव नजदीक होते हैं तो आपको शरद पवार की जरूरत महसूस होती है। जब चुनाव नहीं होते हैं तो आपको उनकी जरूरत नहीं लगती। अब आपकी एक अलग पहचान है। उसी के साथ अब मतदाताओं के बीच जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को एनसीपी चुनाव चिह्न को लेकर शरद पवार की याचिका पर अजित पवार को नोटिस जारी किया था।

## फिच ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

**ग्रोथ**

**8 वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 फीसदी रहने का जताया अनुमान, आर्थिक मजबूती**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को संशोधित किया है। फिच ने इसमें 0.50 फीसदी का इजाफा कर 6.50 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। इसी तरह रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 7.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार को जारी मार्च आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एजेंसी ने अपने 6.50 फीसदी के अनुमान में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी की है। एजेंसी ने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्था में खासकर भारत की जीडीपी ग्रोथ 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 7.8 फीसदी रह सकती है। फिच को उम्मीद है कि भारत की अर्थव्यवस्था अपना मजबूत विस्तार जारी रखेगी। फिच का कहना है कि भारत की आर्थिक विकास दर को मजबूत घरेलू मांग और निवेश में बढ़ोतरी से सपोर्ट मिलेगा। हालांकि, एजेंसी ने चीन के लिए 2024 के पूर्वानुमान को 4.6 फीसदी से घटाकर 4.5 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा रेटिंग एजेंसी ने 2024 के अंत तक खुदरा महंगाई दर घटकर 4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

## सुखबीर सिंह संधु और ज्ञानेश कुमार होंगे चुनाव आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने चुनाव आयुक्त के रूप में गुरुवार को पंजाब के पूर्व नौकरशाह सुखबीर सिंह संधु और केरल के ज्ञानेश कुमार का नाम तय किया है। समिति में शामिल कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया को इसकी जानकारी दी है।

तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में वर्तमान में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही थे। वहीं, चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे का पिछले महीने कार्यकाल समाप्त हो गया।

## महापंचायत में किसानों ने भरी हुंकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को किसानों की महापंचायत होने जा रही है, तो दूसरी तरफ जेएलएन स्टेडियम में पीएनबी के कार्यक्रम में 60,000 लोगों के शामिल होने की संभावना है। यातायात की व्यवस्था ना चरमराए, इसलिए दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की।

**किसानों ने केंद्र के खिलाफ लगाए नारेः दिल्ली** के रामलीला मैदान में आज अपनी मांगों लेकर जुटे किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया है। साथ ही सरकार से एमएसपी पर जल्द से जल्द कानून लाने की मांग की है। बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस एवं नोएडा पुलिस द्वारा सिर्फ कार के जरिए दिल्ली जाने वालों को अनुमति मिली। जिस कारण नोएडा से दिल्ली बॉर्डर लगने वाले मार्ग पर यातायात दबाव बढ़ा रहा। नोएडा से दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि ट्रैफिक का डाई वर्जन करने की जरूरत नहीं पड़ी। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महा पंचायत में नोएडा से भी बड़ी संख्या किसान दिल्ली पहुंची। इस कारण नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के अलावा चिल्ला बॉर्डर, डीएनडी पर यातायात का दबाव रहा।

## एनटीपीसी ने 400 अरब यूनिट बिजली उत्पादन का आंकड़ा पार किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली के उत्पादन का 400 अरब यूनिट (बीयू) के आंकड़े को पार कर लिया है। विद्युत मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि एनटीपीसी समूह ने वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली के उत्पादन का 400 बिलियन यूनिट (बीयू) का आंकड़ा पार कर लिया है।

## अब आसमान में जमेगी अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड'

**स्क्वाड्रन**

**8 भारतीय सेना 15 मार्च को जोधपुर में बनाएगी अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अब अमेरिकी अपाचे और स्वदेशी प्रचंड लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। भारतीय वायु सेना पहले ही स्वदेशी 'प्रचंड' की पहली स्क्वाड्रन जोधपुर में स्थापित कर चुकी है लेकिन अब भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर भी 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस यूनिट के पहले हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है। भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर हासिल करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय वायु सेना पहले ही अमेरिकी कंपनी बोइंग के अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों पर भरोसा करती है, इसीलिए वायु सेना ने सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितम्बर, 2019 में आठ लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं।

## 'सीएए से आदिवासियों के अधिकारों को खतरा नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को अधिसूचित किए जाने के बाद से विपक्ष मोदी सरकार पर निशाने साध रहा है। विपक्ष ने कानून को लेकर कई सवाल उठाए हैं, जो अब आम लोगों के दिमाग में भी घूम रहे हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में इन सभी सवालों के जवाब दिए हैं। अमित शाह ने सीएए के तहत मुसलमानों को भारत की नागरिकता न देने के पीछे का कारण बताया है। शाह ने कहा कि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है।

उन्होंने कहा कि ये तीनों देश इस्लामिक हैं। फिर वहां मुसलमान धार्मिक अल्पसंख्यक कैसे हो सकते हैं? अमित शाह ने मुसलमानों को सीएए में शामिल न करने की भी वजह बताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि यदि वे अभी भी भारतीय नागरिकता चाहते हैं, तो वे संवैधानिक तरीकों से इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। केरल, बंगाल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि वो अपने राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगे।

### 'भ्रष्टाचार में फंसने से आपा खो बैठे केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में फंसने के बाद वे अपना आपा खो बैठे हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने केजरीवाल के सीएए पर की गई टिप्पणियों पर पलटवार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएए 2014 के पहले आ चुके शरणार्थियों के लिए बनाया गया है। गृहमंत्री की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री ने भी अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आज आप 2014 से पहले की बात कर रहे हैं, कल 2019 से पहले वालों की बात करेंगे।

**हमला बोला**

### अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय कार्यालय निर्माण के लिए समुचित धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया

## 'प्रदेश के लोगों से विश्वासघात करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी'



**साधा निशाना**

**8 चिम्बलहार पुल के निर्माण, राजपुर गोस्वामी गणेश दत्त कॉलेज के निकट रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा भी की**

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के पालमपुर में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए पालमपुर में बीडीओ कार्यालय परिसर, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय कार्यालय निर्माण के लिए समुचित धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पालमपुर में शहीद स्मारक, पालमपुर अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित करने तथा ऑपरेशन थियेटर का निर्माण करने, शहर के लिए सीवरेज स्कीम, ओबीसी भवन, पालमपुर बस अड्डे के विस्तारीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज बदेहड़-पट्टी रोड पर पुल का निर्माण, लिंगटी खड्ड-नगरी मणिमहेश सडक, नागनी से लसेडु चिम्बलहार पुल के निर्माण तथा राजपुर गोस्वामी गणेश दत्त कॉलेज के निकट रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा भी की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भविष्य में पालमपुर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक धनराशि खर्च की जाएगी, जिसका ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है और आने वाले समय में पालमपुर का परिदृश्य बदलने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से कांगड़ा जिला का विकास विशेष प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सभा चुनाव के दौरान छह कांग्रेस विधायकों ने बागी बनकर क्रॉस वोटिंग की। उनमें कांगड़ा जिला के एक नेता भी शामिल हैं, जो स्वयं भी सरकार में मंत्री और युवा कांग्रेस के महासचिव रहे, लेकिन उन्होंने पार्टी को आघात पहुंचाया उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना सत्ता के छटपटा रहे हैं, जबकि मैंने 35 साल संघर्ष किया है।

## टीएमसी नेता अर्जुन सिंह भाजपा में होंगे शामिल

**कोलकाता**

**लोकसभा चुनाव से** पहले पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को झटका लगने वाला है। दरअसल, पार्टी के नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि बैरकपुर लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने पर वह भाजपा में वापस लौट जाएंगे। बता दें कि अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। अर्जुन सिंह ने दावा किया कि उनके साथ टीएमसी के एक शीर्ष नेता भी भाजपा में शामिल होंगे। 2019 लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना की सीट से चुने जाने के बाद अर्जुन सिंह भाजपा से टीएमसी में शामिल हुए थे।

# 'पाकिस्तानी मेरे घर के सामने कर रहे प्रदर्शन'

## देश के किसानों को इसकी इजाजत नहीं', सीएम केजरीवाल का केंद्र पर निशाना





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर केंद्र पर जमकर हमला कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- पाकिस्तानियों को पूरी पुलिस सुरक्षा और सम्मान के साथ मेरे घर के बाहर प्रदर्शन करने की इजाजत और इस देश के किसानों को दिल्ली में आने की भी इजाजत नहीं? भारत के किसानों पर अश्रु गैस के गोले, लाठियां, डंडे और गोलियां? और पाकिस्तानियों को इतना सम्मान? बता दें, सीएए के खिलाफ सीएम केजरीवाल के बयान के बाद पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों ने उनके आवास के सामने जमकर प्रदर्शन किया। चंदगी राम अखाड़े के पास पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थी इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। शरणार्थियों ने केजरीवाल से माफी की मांग की है। उनका कहना है कि सीएम केजरीवाल सीएए को लेकर भ्रामक बयान दे रहे हैं।

**सीएए बिल्कुल भी देश हित में नहीं: केजरीवाल**
इससे पहले, सीएम केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गृह मंत्री अमित शाह के बयान का जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि उअअ बिल्कुल भी देश हित में नहीं है। उन्होंने अमित शाह से कहा कि आप दूसरे देशों से लोगों को यहां लाकर बसाने की तैयारी कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में ढाई से तीन करोड़ अल्पसंख्यक लोग रहते हैं। इतनी बड़ी संख्या में उन्हें कैसे बसाया जाएगा?

**अपने लोगों का अधिकार दूसरों को दिया जाएगा: केजरीवाल**
उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोगों का अधिकार मारकर आप दूसरे देशों के लोगों पर खर्च करना चाह रहे हैं। क्या इन लोगों के आने के बाद भारत की बहु-बेटियां सुरक्षित होंगी? दिल्ली के लोगों के लिए नए राशन कार्ड बनाने की इजाजत दे नहीं रहे जबकि बाहरी लोगों को यहां बसाने की तैयारी की जा रही है। कनाडा सहित जिन अन्य देशों ने भी ऐसा किया था, बाद में इसे बंद कर दिया गया।

## सीएम केजरीवाल के घर के बाहर हिंदू शरणार्थियों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। वह इसे लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार द्वारा कदम उठाया गया है। अब इसे लेकर धरना प्रदर्शन की भी शुरूआत होने वाली है। शरणार्थियों ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। दिल्ली में हजारों की संख्या में पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हुए हिंदू व सिख शरणार्थी रहते हैं। सीएए लागू होने से इन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को इनके प्रतिनिधि भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर केंद्र सरकार का आभार जताया था। प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भी आभार जता रहे हैं।

**केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर किया था इस कानून का विरोध:** वहीं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर इस कानून का विरोध किया था। उनका कहना था कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में लाभ उठाने के लिए यह कानून लागू किया है। इससे पड़ोसी देशों से लाखों की संख्या में लोग आएंगे जिससे यहां की व्यवस्था चौपट हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भाजपा के अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री के बयान का विरोध किया है। बृहस्पतिवार को हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रदर्शन की घोषणा से सीएए को लेकर राजनीति और तेज होने की संभावना है।

# चार मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, दो मासूम समेत चार की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बिल्डिंग में फंसे नौ लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो बच्चे सहित चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मनोज (30), पत्नी सुमन (28) जबकि राकेश नामक व्यक्ति की पांच वर्षीय व तीन वर्षीय दो बच्चियों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शव गृह सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग व शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 5:22 बजे शास्त्री नगर की गली नंबर 13 के एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। उसके बाद ही दमकल व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए दमकल की नौ गाड़ियों को भेजा गया। आग चार मंजिला बिल्डिंग के बेसमेंट में लगी थी। आग से निकलने वाले धुएं ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, पुलिस व दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बिल्डिंग में फंसे 9 लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो बच्चे समेत चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। डीसीपी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पहुंचे दमकल अधिकारी का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि आग सबसे पहले बेसमेंट में खड़ी गाड़ियों में लगी थी और उसका धुआं बिल्डिंग में फैल गया।

# केजरीवाल ने ईडी के केस में कोर्ट के समन के खिलाफ सेशंस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोर्ट के शरण में**

8 एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को लगातार नजरअंदाज करने पर एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से समन जारी करने के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। केजरीवाल की याचिका पर स्पेशल जज राकेश स्याल आज सुनवाई करेंगे। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया है। इसी आदेश को केजरीवाल ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ दो शिकायतें की है। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल ईडी मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत लगातार समन भेज रही है लेकिन वे पेश नहीं हो रहे हैं। वो जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को आठ बार समन भेजा है। उल्लेखनीय है कि सात फरवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की पहली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। दिल्ली आबकारी घोटाला के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने संजय सिंह को पिछले साल चार अक्टूबर और सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। संजय सिंह की जमानत याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट खारिज कर चुका है। संजय सिंह की जमानत याचिका हाई कोर्ट भी खारिज कर चुका है, जिसके बाद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है। मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट भी खारिज कर चुका है।

# राम रहीम पैरोल लेने वाला अकेला नहीं, 89 कैदियों को भी मिला लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह को लगातार पैरोल मिलने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के कड़े रुख के बाद हलफनामा दाखिल करते हुए कहा है कि डेरा प्रमुख को स्पेशल ट्रीटमेंट देकर मेहरबानी नहीं की जा रही है। डेरा प्रमुख की तरह तीन या तीन से अधिक मामलों में सजा काट रहे 89 कैदियों को सरकार द्वारा पैरोल दी गई है। सुनारिया जेल के अधीक्षक को मिला सख्त आदेश यह भी बताया कि रोहतक सुनारिया जेल अधीक्षक को आदेश दिया गया है कि बिना हाईकोर्ट की अनुमति डेरा प्रमुख को पैरोल न दी जाए। इस मामले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने याचिका दाखिल की थी।

# शरणार्थियों को चोर, दुष्कर्मी बताकर घिरे सीएम केजरीवाल

**माफी की मांग**

8 अखिल भारतीय संत समिति ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से माफी मांगने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हुए हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध शरणार्थियों को चोर, दुष्कर्मी, अपराधी और आतंकी बताए जाने से शरणार्थियों के साथ ही संतों, सिख समाज और विहिप में आक्रोश की लहर है।



**अखिल भारतीय संत समिति ने की माफी मांगने की मांग:** अखिल भारतीय संत समिति ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से माफी मांगने की मांग की। अन्यथा हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन समाज से आम आदमी पार्टी के राजनीतिक बहिष्कार की मांग की है। इसी तरह विहिप ने कहा कि सीएम केजरीवाल गंदे आरोप लगा रहे हैं। यहां तक की कई मुस्लिम संगठनों ने भी केजरीवाल के बयान की आलोचना की है। मालूम हो कि बीते बुधवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा था कि सीएए लागू होने के बाद से पड़ोसी देशों से दो करोड़ से अधिक वहां के अल्पसंख्यक भारत में आ जाएंगे।

**केंद्र के सीएए लागू करने पर एबीवीपी ने जताई खुशी:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने के निर्णय का स्वागत किया है। एबीवीपी ने एक बयान में कहा है कि यह कानून पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा बांग्लादेश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित किए गए अल्पसंख्यक समुदाय के लिए नवीन जीवन दिशा प्रदान करेगा, भारत में नागरिकता संशोधन कानून मानवता के पक्ष की बहुत बड़ी जीत है। हिन्दू, ईसाई, सिख, पारसी, जैन पंथ के लोगों के साथ पाकिस्तान , अफगानिस्तान तथा बांग्लादेश में अत्यधिक भेदभाव हुआ, जिसके कारण इन देशों से शरणार्थी के रूप में आए लोगों के लिए सीएए जैसे कानून की आवश्यकता थी।

## देश की जनता इस कानून के पक्ष में : एबीवीपी

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर देश के तमाम राजनैतिक दलों ने भ्रम फैलाने का प्रयास किया, लेकिन देश की जनता इस कानून के पक्ष में है। कुछेक शैक्षणिक संस्थानों में अतिवादी समूहों ने सीएए को लेकर झूठ फैलाने के प्रयास किए हैं, लेकिन कानून को लेकर जनता के बीच स्पष्टता ऐसे नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। विद्यार्थी परिषद, देश के शैक्षणिक संस्थानों में सीएए से जुड़े विभिन्न पक्षों को विद्यार्थियों के बीच रखेगी, जिससे देश का युवा किसी भ्रम का शिकार न हो।

# पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में दो नए मेट्रो कॉरिडोर का शिलान्यास किया। दिल्ली में बनने वाले दोनों कॉरिडोर में से एक कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक तक और दूसरा इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक होगा। इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बता दें कि बुधवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली में दो नए मेट्रो कॉरिडोर को मंजूर दी है। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी थी।

श्रद्धांजलि सभा



स्व. श्रीमति शालिनी गर्ग जी
(धर्मपत्नी, श्री परवीन गर्ग)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनाक 5 मार्च 2024, मंगलवार को प्रभु चरणो में लीन हो गई है। उनकी आत्मिक शांति के लिए
श्रद्धांजलि सभा एवं रसम पगड़ी
दिनाक : शुक्रवार, 15 मार्च 2024, ब्रम्ह भोज : 11:00 बजे
दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक सम्पन्न होगी।
स्थान: प्राचीन शिव मंदिर, केवल पार्क, आजादपुर
शोकाकुल
अशोक गर्ग- राज गर्ग ( ससुर-सास)
राजीव गर्ग - कविता गर्ग (देवर-देवरानी)
ओजस, साई, परी
:: समस्त गर्ग परिवार::

# आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के कोच में मिलेंगे लजीज व्यंजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के कोच में रेस्तरां बनाकर लगभग तैयार कर दिया गया है। उसमें देसी थाली से लेकर चाइनीज, इटेलियन, मैक्सीकन व्यंजनों का स्वाद लोग चख सकेंगे। जो लोग बाहर बैठ कर खाना चाहेंगे, उनके लिए वह व्यवस्था भी रहेगी। उम्मीद है कि इस माह के अंत तक इसे चालू कर दिया जाएगा। आनंद विहार रेलवे स्टेशन परिसर में ईवी-चार्जिंग स्टेशन के पास एक गोलाकार स्थान पर पुराने एसी कोच में रेस्तरां बनाया गय है। रेस्तरां पूरी तरह एसी रहेगी। इसमें करीब 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

# आश्चर्य है, महिला सम्मान योजना लाने वाली सरकार ने मातृत्व लाभ देने के फैसले का किया विरोध: हाईकोर्ट

**सवाल**

8 मातृत्व लाभ देने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने के लिए दिल्ली सरकार के निर्णय पर गंभीर सवाल उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के साथ अनुबंध के आधार पर स्टेनोग्राफर के रूप में कार्यरत एक महिला को मातृत्व लाभ देने के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने के लिए दिल्ली सरकार के निर्णय पर गंभीर सवाल उठाया। वयस्क महिलाओं को एक हजार रुपये देने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना का भी जिक्र करते हुए अदालत ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि जो सरकार इस योजना का खूब प्रचार कर रही है उसने एक महिला को लाभ देने वाले आदेश को चुनौती देने का फैसला किया।




**50 हजार की लागत का भुगतान करने का दिया आदेश :** न्यायमूर्ति रेखा पल्ली व न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी अपील गलत थी क्योंकि एकल-न्यायाधीश के आदेश ने पांच साल से अधिक समय तक उपभोक्ता आयोग की सेवा करने वाली एक युवा महिला को लाभ दिया था। दिल्ली सरकार की अपील याचिका खारिज करते हुए अदालत ने महिला को चार सप्ताह के अंदर 50 हजार की लागत का भुगतान करने का आदेश दिया।

# सीखने के लिए दोस्त से ली कार, कई लोगों को रौंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मयूर विहार फेज-तीन में बुधवार रात कैब से साप्ताहिक बाजार में कई लोगों को रौंदने वाला नाबालिग निकला। कार सीखने के चक्कर में 17 वर्षीय नाबालिग से यह हादसा हुआ। जीवन में तीसरी बार वह कार चला रहा था। उसने नौ लोगों को रौंदा था। हादसे में सीता देवी नाम की युवती की मौत हो गई थी।

**एक अन्य नाबालिग फरार:** हादासे के वक्त आरोपित के साथ उसका 17 वर्षीय एक दोस्त भी था, जो मौके का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। वही कैब लेकर आया था। घायल तनुजा की शिकायत पर गाजीपुर थाना ने गैरा इरादतन हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। आरोपित को



पुलिस ने पकड़ा हुआ है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि कार चलाना उसकी चाहत थी। उसके परिवार में कार नहीं है। परिवार के सदस्य उसे वाहन नहीं चलाने देते थे। उसने बुधवार को पटपड़गंज क्षेत्र में रहने वाले एक दोस्त को फोन करके कार का इंतजाम करने को कहा था। उसके दोस्त ने अपने परिचित कैब चालक से कुछ देर के लिए कार ले ली।

**भीड़ देखकर घबरा गया था नाबालिग:** वह कार लेकर अपने दोस्त के पास पहुंचा, वहां से वह गाजीपुर चले गए। आरोपित ने अपने दोस्त से कार ले ली और खुद चलाने लगा। उसे कार चलाने का अनुभव नहीं था। वह कार लेकर मयूर विहार फेज-तीन स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचा, वहां साप्ताहिक बाजार में भीड़ थी। भीड़ को देखकर वह घबरा गया और कार पर नियंत्रण खो बैठा।

वह लोगों को रौंदता हुआ एक ठेले से टकराया, लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो वह डर गया। उसने कार पीछे की और आगे की तरफ बाजार में दौड़ा दी। उसके सामने जो आया वह उन्हें रौंदता हुआ चला गया। करीब तीन सौ मीटर दूर जाकर गिरजाघर के पास भीड़ ने कार समेत चालक को पकड़ लिया था। उसी दौरान आरोपित का दोस्त कार से निकलकर भाग गया था।

**सब्जी खरीदने गई थी महिला:** बृहस्पतिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सीता के शव को स्वजन को सौंप दिया है।

# पीएम मोदी से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शिष्टाचार भेंट

## हरियाणा से लोकसभा की सभी सीटों पर खिलेगा कमल, जनता मन बना चुकी: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी, ऐसा देश की जनता फैसला ले चुकी है। हरियाणा की जनता भी लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में डालने का काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात के बाद हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आशीर्वाद मिला है, कई विषयों पर चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है कि सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाया जाए। उनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो काम किए है, उनसे देश और प्रदेश में नया भारत-नया हरियाणा, विकसित भारत-विकसित हरियाणा आज लोगों को नजर आ रहा है। हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बहुत विकास हुआ है और गुड गवेर्नेंस का उदाहरण रहा है। हम उन कार्यों को आगे बढ़ाएंगें। मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मामले में चर्चा हुई है। जल्द इस विषय को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि विज साहब हमारे वरिष्ठ नेता है और उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। कल भी विधानसभा में हम साथ थे। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की छह सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है और बाकी चार की भी जल्द ही घोषणा हो जाएगी। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जनता सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना चुकी है। नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को भूली नहीं है, तब एक गैस सिलेंडर के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था और हर मामले में भ्रष्टाचार चरम पर था।



**चर्चा**

8 हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बहुत विकास हुआ है और गुड गवेर्नेंस का उदाहरण रहा है: सीएम सैनी

### सरकार ने मांगा अनुबंध कर्मचारियों का विवरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को ग्रुप-बी, सी और डी में 5 से 10 साल की अवधि से सेवारत अनुबंध कर्मचारियों के बारे में तुरंत जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी एक पत्र में मानव संसाधन शाखा को विशेष संदेशवाहक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है। इसके लिए निर्धारित प्रोफार्मा में 7 साल से अधिक परंतु 10 वर्ष से कम की सेवा अवधि वाले अनुबंधित कर्मचारियों की कुल संख्या का विवरण मांगा गया है।

# जेजेपी से संगठन स्तर पर गठबंधन था ही नहीं: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**दो टूक**

8 देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को भूली नहीं है, तब एक गैस सिलेंडर के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को जननायक जनता पार्टी से भाजपा के चुनावी गठबंधन न करने के सवाल पर कहा कि इस बारे में जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर निर्णय लिया गया है। यह गठबंधन संगठन स्तर पर था ही नही। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मामले में चर्चा हुई है। जल्द इस विषय को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की नाराजगी के सवाल मुख्यमंत्री ने कहा कि विज साहब हमारे वरिष्ठ नेता है और उनका आशीर्वाद हमारे साथ है। कल भी विधानसभा में हम साथ थे। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की छह सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है और बाकी चार की भी जल्द ही घोषणा हो जाएगी। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जनता सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना चुकी है। नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को भूली नहीं है, तब एक गैस सिलेंडर के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था और हर मामले में भ्रष्टाचार चरम पर था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी, ऐसा देश की जनता फैसला ले चुकी है। हरियाणा की जनता भी लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में डालने का काम करेगी।

नायब सिंह सैनी गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात के बाद हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

# जेजेपी को अलग नही किया बल्कि मिलीभगत का खेल चल रहा: अभय

**आरोप**

8 हरियाणा के इंडियन नेशनल लोकदल हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटो पर लड़ने को तैयार: अभय



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: इंडियन** नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवम ऐलनाबाद के विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला ने गुरुवार को यहां कहा कि जेजेपी को भाजपा से अलग नहीं किया गया है बल्कि मिलीभगत का खेल चल रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटो पर चुनाव लड़ने को तैयार है।

अभय सिंह ने यहां अपने निवास पर पत्रकारवार्ता में कहा कि हरियाणा में इन दिनों सियासी ड्रामा चल रहा है।जेजेपी को भाजपा ने अलग नही किया बल्कि मिलीभगत का खेल चल रहा है। अलग की गई पार्टी के नई सरकार के विश्वास मत हासिल करने के दौरान विरोध में मतदान के बजाय अपने विधायको को सदन से गैर हाजिर रहने का व्हिप जारी करने का क्या मतलब था।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सर्वे में आया था कि मनोहर लाल के मुख्यमंत्री रहते हरियाणा में भाजपा को सफलता नहीं मिलेगी।इसलिए मुख्यमंत्री बदलने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा और जेजेपी की गठबंधन सरकार ने प्रदेश को लगातार कमजोर करने का काम किया। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया जाएगा और विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर किया जाएगा। जनता अब कांग्रेस को भी सत्ता से दूर रखना चाहती है।

## बंदूक लगाकर युवक से की हजारों रुपए की लूटपाट, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल के अलावलपुर गांव में कार सवार युवक से लूटपाट का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। आरोपियों ने लिफ्ट लेकर कार में बैठने के बाद देसी कट्टा कनपटी पर लगाकर कार को एकांत स्थान स्कूल के मैदान में ले जाकर का मोबाइल और 22 हजार की नकदी लूट ली। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। चांदहट थाना पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है मिली जानकारी के अनुसार अलावलपुर गांव निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत दी है कि अपनी कार से दोस्त प्रशांत के साथ घर जा रहा था। उसी समय गांव के बस स्टैंड पर पड़ोस में रहने वाले करण ने हाथ देकर गाड़ी रूकवा ली और घर छोडने की बात कह कर कार की पिछली सीट पर बैठ गया।

# 'लोकसभा के चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि हर 5 वर्ष के बाद होने वाले लोकसभा के आम चुनाव भारतीय परंपरा का हिस्सा है, जिसे विश्व में सबसे मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली के रूप में मान्यता मिली है। देश के इस गौरव को मतदाताओं के मताधिकार का प्रयोग किए बिना बनाए रखना संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक मतदाता अपने मत का इस्तेमाल कर इस पुण्य में कार्य में आहुति डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए सभी व्यापक प्रबंध राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से करवाता है। सुरक्षा की दृष्टि से राज्य पुलिस के अलावा केंद्रीय शस्त्र बलों की कंपनियां भी लोकसभा के चुनाव में तैनात की जाती हैं। हरियाणा में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 15 केंद्रीय शस्त्र बलों की कंपनियां तैनात की जाएगी, जिसमें 10 सीआरपीएफ व 5 आइटीबीपी की कंपनियां शामिल हैं। चुनाव को लेकर प्रारंभिक दौर की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कंपनियों की तैनाती के बारे में भी समीक्षा बैठक हो चुकी है। चुनाव पर्यवेक्षकों के साथ भी भारत के चुनाव आयोग ने बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष व बिना प्रलोभन के करवाए जाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। इसको पूरा करने के लिए हम तत्पर हैं और पुलिस व आबकारी विभाग भी विशेष चेकिंग कर रहा है। अब तक लगभग 5 करोड़ रुपये की कीमत की अवैध शराब व नशीले पदार्थ पकड़े जा चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल क्लेम कंपनियों के पैनल से जुड़वाने के नाम पर डॉक्टर से लाखों रुपए की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** पलवल के न्यू सोहना रोड स्थित उपकार अस्पताल को मेडिकल क्लेम कंपनियों के पैनल से जुड़वाने के नाम पर 1 लाख 20 हजार की ठगी कर ली गई। ठगों ने अस्पताल संचालक को अपने झांसे में लेकर अस्पताल का निरीक्षण करवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठ लिए। गरुवार को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीड़ित अस्पताल संचालक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू सोहना रोड स्थित उपकार अस्पताल के संचालक डा. नरेश चंद्र गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि अक्टूबर-2023 को उसके पास कई बार कई नंबरों से फोन आए। फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह मेडिकल क्लेम कंपनियों को अस्पताल के पैनल में जुड़वाने का कार्य करता है और आपके अस्पताल को भी मेडिकल क्लेम कंपनियों के पैनल से जुड़वा दूंगा। ठग ने कहा कि इसके लिए कुछ रुपए और कागजात देने होंगे। दिसंबर-2023 को अस्पताल संचालक ने यूपीआई के जरिए उक्त महिला के बताए खाते में पैसे भेज दिए। लेकिन जब अस्पताल मेडिकल क्लेम कंपनियों से आज तक नहीं जुड़ा तो उसे उनके फजीर्वाडे के बारे में पता चला। जिला पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान ने गुरूवार को बताया कि अस्पताल संचालक डा. नरेश चंद्र ने उक्त लोगों से जब अपने पैसे वापस मांगे तो न पैसे दिए और न ही अस्पताल पैनल में जुड़ा। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित अस्पताल संचालक की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की जांच शुरू कर दी है।

### रतिया शहर के विकास के लिए वर्ष 2041 तक का मास्टर प्लान तैयार

**फतेहाबाद:** जिले के शहर रतिया के सुनियोजित विकास को लेकर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा वर्ष 2041 तक के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। तैयार किये गये प्लान में शहर को कुल 17 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। गुरुवार को उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में हुई जिला नगर योजनाकार विभाग की जिला स्तरीय एवं जिला प्लानिंग कमेटी की बैठक में इस मास्टर प्लान पर विस्तार से चर्चा की गई।

# रेप व अपहरण के मामले की क्लोजर रिपोर्ट में दोबारा जांच के आदेश दिए

**आदेश**

8 अदालत ने हांसी महिला पुलिस की जांच पर उठाया सवाल, दिसम्बर 2020 की घटना

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** अनुसूचित जाति से संबंधित एक युवती के साथ दिसंबर 2020 में हुई अपहरण व रेप की घटना के मामले में दिसंबर 2020 में दर्ज एफआईआर को हांसी महिला थाना द्वारा खारिज किए जाने पर हिसार की एससी एसटी एक्ट की अदालत ने जांच अधिकारी द्वारा अदालत में प्रस्तुत क्लोजर रिपोर्ट पर सवाल उठाया है। अदालत ने हांसी के एसपी को इस मामले में दोबारा जांच करने के आदेश दिए हैं। पीड़ित युवती के वकील रजत कलसन ने गुरुवार को बताया कि झज्जर जिले की एक दलित युवती ने हांसी महिला थाना में हांसी के एक गांव के नो युवकों के खिलाफ उसे जबरदस्ती गाड़ी में धकेल कर रेप करने, छेड़खानी करने तथा मारपीट करने तथा चलती गाड़ी में से फेंक देने के आरोप लगाए थे तथा उक्त युवकों ने पीड़ित लड़की का फोन भी छीन लिया था। युवती की शिकायत पर महिला थाना हांसी में 17 दिसम्बर 2020 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। मुकदमे की जांच नारनौंद के तत्कालीन डीएसपी जुगल किशोर ने की थी। अधिवक्ता कलसन ने बताया कि पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट में लड़की व आरोपी युवकों की लोकेशन मुकदमे में वर्णित जगह पर पाई तथा वारदात में भी गाड़ी का इस्तेमाल पाया गया।

यही नहीं लड़की का छीना हुआ फोन आरोपियों द्वारा गांव धर्मखेड़ी के सरपंच के मार्फत पीड़ित लड़की को सुपुर्द करना पाया गया। पीड़िता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों के साथ मिल गई तथा पीड़िता पर मुकदमे में समझौते के लिए दबाव बनाया।

# 'हर महिला के उत्थान में सहायक साबित होगी नारी न्याय गारंटी'

**दावा**

8 कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी की पांच योजनाओं से आधी आबादी का ऊंचा होगा जीवन स्तर



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि इस देश की आधी आबादी को पूरा हक देने के लिए कांग्रेस की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं। अब कांग्रेस पार्टी ने नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में महिलाओं के अधिकार के लिए पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है जो निश्चित रूप से देश की महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित होंगी। उन्होंने बताया कि जो गारंटी की घोषणा की गई है उनमें से महालक्ष्मी गारंटी के तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। दूसरी घोषणा में आधी आबादी-पूरा हक के तहत केंद्र सरकार की नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार तीसरी घोषणा में शक्ति का सम्मान के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा। चौथी घोषणा अधिकार मैत्री है, जिसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को जागरूक करने के लिए अधिकार मैत्री की नियुक्ति होगी जो महिलाओं के लिए कानून संबंधी मामलों में सहायक होगी। इसी प्रकार कांग्रेस की पांचवीं घोषणा के अनुसार सावित्री बाई फुले हॉस्टल के कामकाजी महिलाओं के लिए केंद्र सरकार हर जिले में हॉस्टल बनवाएगी। कांग्रेस ने महिलाओं के उत्थान के लिए उक्त पांच घोषणाओं का ऐलान किया है, जिससे देश के सभी वर्गों की महिलाओं को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। स्वाभाविक है कि उक्त नारी न्याय गारंटी के तहत घोषित की गई योजनाओं से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करती है। दूसरी तरफ भाजपा की सरकार है जो महज जुमलेबाजी करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से वादा किया था कि उनके खाते में 15-15 लाख रुपये आएंगे।

# 'बूथों को और मजबूत करने में जुट जाएं भाजपा कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद कृष्णपाल गुर्जर को लगातार तीसरी बार फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट मिलने से भाजपा कार्यकताओं में उत्साह नजर आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने अपने साथियों के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुंचकर उन्हें टिकट मिलने पर बधाई दी और उनका मुंह मीठा कराया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद भाजपा पार्टी जिंदाबाद कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया।



इस मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे और इस बार नया रिकार्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ता चुनावों की तैयारी में जुट जाएं और बूथों को और मजबूत करें, क्योंकि बूथ मजबूत होगा, तभी हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह पार्टी द्वारा दस वर्षों के दौरान जनहित में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरुक करने का काम करें। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक डागर ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में मोदी के 400 पार के नारे को सार्थक करने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेगा और रही बात पृथला क्षेत्र की तो पूरी नौ विधानसभाओं में गुर्जर को सबसे ज्यादा वोटों से हम पृथला क्षेत्र से विजयी बनाकर भेजेंगे।

**बधाई का तांता**

8 प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में मोदी के 400 पार के नारे को सार्थक करने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेगा

# कैबिनेट मंत्री कंवर पाल को बधाई देने वालों का लगा तांता

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** मुख्यमंत्री नायब सैनी के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री की शपथ के बाद गुरुवार को जगाधरी स्थित अपने आवास पर पहुंचेमंत्री कंवरपाल को कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी के मंत्रिमंडल में एक बार फिर से कंवरपाल को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने से जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने कहा कि यह सभी कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। सभी कार्यकर्ताओं को इस जिम्मेवारी का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले की तरह बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार मजबूती से जनता के हितों के लिए काम करेगी। जो विकास प्रदेश में चल रहे हैं उनको और गति मिलेगी। विकास का पहिया आगे भी ऐसे ही घूमता रहेगा। बधाई देने भाजपा के बाद जिलाध्यक्ष राजेश ने कहा कि मंत्री कंवरपाल को नायब सरकार में एक बार फिर कैबिनेट मंत्री की अहम जिम्मेवारी मिली है। यह उनकी कुशल एवं सूझ-बूझ तथा निष्ठापूर्वक काम करने की देन है। उन्होंने कहा कि मंत्री कंवरपाल ऐसे राजनीतिज्ञ व्यक्ति हैं।

## नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु ह. निज़ामुद्दीन व खजुराहो तथा वाराणसी और रांची के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत सेवाओं की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

गाड़ी सं. 22470 / 22469 ह.निज़ामुद्दीन-खजुराहो- ह.निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छ: दिन -सोमवार छोड़कर)

| गाड़ी सं. 22470 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22469 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 06:00 | ह. निज़ामुद्दीन | 23:10 | — |
| 07:40 | 07:45 | आगरा छावनी | 20:55 | 21:00 |
| 09:10 | 09:15 | ग्वालियर जं. | 19:25 | 19:30 |
| 10:30 | 10:35 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 18:20 | 18:25 |
| 11:35 | 11:45 | ललितपुर जं. | 17:10 | 17:20 |
| 12:21 | 12:23 | टीकमगढ़ | 16:10 | 16:12 |
| 13:16 | 13:18 | महाराजा छत्रसाल छतरपुर | 15:15 | 15:17 |
| 14:20 | -- | खजुराहो | -- | 14:50 |

शुभारंभ की तिथि : 22470 ह.निज़ामुद्दीन से और 22469 खजुराहो 15.03.2024 से
संरचना : एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।

गाड़ी सं. 20887 / 20888 रांची-वाराणसी- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छ: दिन -गुरुवार छोड़कर)

| गाड़ी सं. 20887 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 20888 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 05:10 | रांची | 23:55 | — |
| 06:10 | 06:12 | मूरी जं. | 22:48 | 22:50 |
| 07:10 | 07:12 | बोकारो स्टील सिटी | 21:50 | 21:55 |
| 08:40 | 08:42 | कोडरमा जं. | 19:50 | 19:52 |
| 10:00 | 10:05 | गया जं. | 18:45 | 18:50 |
| 11:03 | 11:05 | सासाराम जं. | 17:48 | 17:50 |
| 12:15 | 12:20 | प.दीन दयाल उपाध्याय जं. | 16:40 | 16:45 |
| 13:00 | -- | वाराणसी | -- | 16:05 |

शुभारंभ की तिथि : 20887 रांची से और 20888 वाराणसी 18.03.2024 से
संरचना : एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले स्टेशनों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## न्यूज फ्लैश

### जावा येज्दी मोटरसाइकिल नई दिल्ली लेकर आ रही है अपना मेगा सर्विस कैंप



**नोएडा।** जावा येज्दी मोटरसाइकिलें अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को नई दिल्ली ले जाने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में कई सफल सर्विस कैंप के आयोजन के बाद, नई दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रम 15 मार्च से 17 मार्च तक इसका आयोजन होगा, जो विशेष रूप से इस क्षेत्र के 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए होगा। सर्विस कैंप 2 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा: खंडेलवाल मोटो क्राफ्ट, नई दिल्ली - प्लॉट नंबर 63/12 रामा रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110015, स्वाति मोटर्स - नई दिल्ली - एफ-26/4, ओखला फेज- 2, इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली 110020 कैंप के अंग के रूप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिक वाहन की विस्तृत जांच करवा सकेंगे और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदल सकेंगे। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता, ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के तौर पर जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों जांच के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वाले मालिकों के लिए एक्सचेंज वैल्यू का आकलन करने के लिए एक निर्दिष्ट जोन बनाया जाएगा।

कंपनी ने अब तक 13 सर्विस कैंपों का सफलता से परिचालन किया है, जिसमें 3,455 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों को सर्विस प्रदान की गई और मार्च के अंत तक लगभग 10,000 बाइक्स को सर्विस प्रदान करने की उम्मीद है, साथ ही आने वाले महीनों में कई शहरों में मेगा सर्विस कैंपों के आयोजन की घोषणा की जाएगी। यह पहल ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने और एक अद्वितीय स्वामित्व अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### हिस्ट्री टीवी18 की नई डॉक्यूमेंट्री 'बुद्ध सर्किट' की एक गहन यात्रा पर आमंत्रित करती है

**नई दिल्ली।** बिहार की आध्यात्मिक विरासत की समृद्ध टेपेस्ट्री की खोज करती चार भागों वाली ये मनोरम वृत्तचित्र श्रृंखला बुद्ध सर्किट दर्शकों को भगवान बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं से जुड़े कुछ सबसे पवित्र स्थलों की एक उज्वल यात्रा पर ले जाएगी। शनिवार, 16 मार्च, 2024 को शाम 5 बजे प्रीमियर होने वाला हिस्ट्री टीवी18 का ये नवीनतम लोकल प्रोडक्शन बिहार और बुद्ध के बीच के जीवंत बंधन की बात करता है - जो ऐतिहासिक दस्तावेजीकरण से भी परे है। बोधगया से राजधानी पटना तक होने वाली यह गहन यात्रा बौद्ध धर्म के सार को उजागर करती है, साथ ही कालातीत ज्ञान, कलात्मकता और शांति का प्रदर्शन करती है जो इन स्थलों में रची बसी है और इन्हें सही अर्थ प्रदान करती है।सक्रिय बौद्ध अनुष्ठान, बुद्ध पूर्णिमा जैसे जीवंत उत्सव और पवित्र स्थलों का सावधानीपूर्वक संरक्षण बिहार में बौद्ध धर्म की स्थायी जीवनी शक्ति को दशार्ता है। स्थान और रिवाज के बीच का यह गहरा संबंध राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास, श्रद्धेय तीर्थ स्थलों, शैक्षिक केंद्रों और आध्यात्मिक जीवंतता में प्रकट होता है, जो आज भी उतने ही प्रचलित हैं।ये श्रृंखला बोधगया के चिंतनशील अन्वेषण के साथ शुरू होती है, उस पवित्र शहर से जहां गौतम बुद्ध ने पूजनीय बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया था। यहां विविध ध्यान शैलियाँ देखने को मिलती हैं, जिनमें से हरेक आत्म-खोज और आंतरिक शांति के लिए एक खास पथ प्रदर्शित करती है। बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त बोधगया में स्थित यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल महाबोधि मंदिर, बुद्ध की शिक्षाओं की विरासत का स्मारक है।



# स्कूल छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

## स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है, छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे भी सावधान किया गया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल घोघडीपुर, खेड़ीनरू और पिंगली में जाकर छात्राओं और स्कूल की महिला अध्यापकों को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया गया।



महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। छात्राओं को यह ध्यान रखने को कहा गया कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे भी सावधान किया गया।

महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। स्कूल की कुछ छात्राओं ने महिला निरीक्षक राजेश लता को बताया कि स्कूल छुट्टी के समय पर कुछ शरारती तत्व उन्हें परेशान करते हैं, जिसके बारे उन्होंने संबंधित थाना प्रबंधक से बात करके स्कूल छुट्टी के समय पर पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करवाई।

टीम द्वारा स्कूल छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि दुर्गा शक्ति टीम हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने विपरीत परिस्थितियां आने पर स्कूल छात्राओं को दुर्गा शक्ति टीम से सहायता लेने बारे भी बताया ।

राजेश लता ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया। उन्होंने स्कूल की महिला अध्यापकों की भी काउंसलिंग की और उनको भी भादंसं की धारा 354, 509 आदि के बारे जागरूक किया।

## 'प्रदेश व केंद्र सरकार ने सोनीपत लोकसभा में कई विकास कार्य किए'



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहानाः कैनाल रेस्ट हाउस** में सोनीपत लोकसभा में केंद्र व प्रदेश की योजनाओं का प्रचार रथ पहुंचा। प्रचार रथ को बीजेपी जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने रही झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रचार रथ वीडियो के माध्यम से सोनीपत लोकसभा के सभी गांवों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देगा।जो आमजन को विकास कार्यों से अवगत कराने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा सोनीपत लोकसभा में अनेक विकास कार्य किए हैं। इनमें हाइवे निर्माण और शहर व गांवों के अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर बलराम कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, मनोज जैन, नवीन मंगला, जगवीर जैन, वीरेंद्र बनवाला, रमेश कश्यप, सुमित कक्कड़, परवीन कश्यप आदि उपस्थित थे।

## 'योग मुद्रा का अभ्यास करने से होता है शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक लाभ'



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जन-जन को स्वस्थ करने के उद्देश्य के साथ योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग कक्षा सैक्टर-6 तिकोना पार्क में मौजूद साधकों को योगाभ्यास करवाया। योग शिक्षक देवेश भाटिया, रीता कुमारी और ममता ने आसन सत्र का शानदार अभ्यास करवाया।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसका अभ्यास करते रहना चाहिए। वहीं कुछ ऐसी योग मुद्राएं हैं, जिन्हें आप तनाव या दर्द से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। हमारा शरीर पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पांच तत्वों से बना हुआ है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इन तत्वों को नियंत्रण में रखना जरूरी है। इन तत्वों को हाथ की उंगलियों वा अंगूठे द्वारा नियंत्रण में रखा जा सकता है। योग मुद्रा का अभ्यास करने से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक लाभ होता है। कक्षा में आज ममता धवन, सीमा, ज्योति, कुमकुम, सुरजीत, सुमन अरोड़ा, नमिता, रीता, प्रवीण, रिचा, निधि गुलाटी, रेखा, वीना, करणदीप, अनु, भूपेंद्र, राकेश, राजन भाटिया, गोकुल, गौरव और संजय मौजूद रहे।

## कुवि के 9 विद्यार्थियों का चयन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में हुआ

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देश की जानी-मानी कम्पनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशल के प्रतिनिधि ज्योति बानीया और पंकज कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, चंडीगढ़ ने एमबीए दो वर्षीय और एमबीए पांच वर्षीय के विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इसकी जानकारी देते हुए केन्द्र के कोर्डिनेटर डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि कम्पनी के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले विद्यार्थियों को कम्पनी के सम्बंध में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इसके बाद विद्यार्थियों की सामूहिक परिचर्चा करवाई गई जिसमें सफल होने वाले विद्यार्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन किया गया



। इसके बाद 9 विद्यार्थियों का चयन प्रबंधक प्रशिक्षु के तौर पर किया गया। चयनित विद्यार्थियों में अरूण कुमार, अमन कुमार, निखिल, खुशी पांडे, अनामिका गुप्ता, ज्योति, अंजली सती, रिया और नितिशा शामिल हैं। विद्यार्थियों के चयन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. निर्मला चौधरी, प्रो. अनिल मित्तल ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की व बधाई दी।डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि इन विद्यार्थियों को 4.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है और ये अपनी अन्तिम परीक्षा के बाद जुलाई माह में कंपनी ज्वाइन करेंगे।

# सारथी फाउंडेशन ने किया महिला जागरूकता शिविर का आयोजन

## सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए फ्री ट्यूशन कक्षाओं और युवतियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सारथी** फाउंडेशन के तत्वाधान में गोपी की गामड़ी की महिलाओं और युवतियों के लिए एमसी ऑफिस के प्रांगण में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। शिविर में संस्था प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता वंदना आर्य द्वारा महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया।



उन्होंने बताया कि यदि आप व्यावसायिक ट्रेनिंग लेकर हुनरमंद हो जाते हैं तो आप जीवन यापन के लिए धनोपार्जन कर पाते हैं और किसी के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। आत्मनिर्भरता आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती है। महिलाएं अपना अधिकांश जीवन अपने परिवार में बच्चों की खुशी के लिए समर्पित कर देती हैं, खुद पर ध्यान नहीं देती है। उन्होंने समझाया कि अपने स्वाभिमान को भी जागृत करें, खुद के लिए भी जीना सीखें। महिलाएं अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा और ट्रेनिंग के लिए घर से बाहर जाने से न रोकें।

शालिनी भाटिया ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें, अभिभावक बच्चों को अपना समय दें, उनकी परेशानियों को सुनें, टीवी एवं मोबाइल से दूर रखें और शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों के प्रति जागरूक करें। शिक्षा ही जीवन में गलत और सही की पहचान करवाती है और मनुष्य के जीवन को सार्थकता प्रदान करती है। एडवोकेट सुमन सैनी ने पॉक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के बारे में महिलाओं को जागृत किया। उन्होंने महिलाओं की कानूनी समस्याओं के समाधान में सहायता के लिए आश्वस्त किया।

ऊषा कात्याल ने बच्चों को समयबद्धता से कार्य करने और अनुशासित रहने की सीख दी। वीना एवं डिंपी ने आगामी अप्रैल से सारथी फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाले सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए फ्री ट्यूशन कक्षाओं और युवतियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी और एडमिशन के लिए प्रोत्साहित किया।

**जागरूक**

**8 सामाजिक कार्यकर्ता वंदना आर्य द्वारा महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया**

## स्वच्छ वातावरण का निर्माण और पौधारोपण को बढ़ाने के लिए सरकार ने शुरू की वन मित्र योजना

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि वन एवं वन्य जीव विभाग, हरियाणा द्वारा गैर वन भूमि में वन आवरण को बढ़ाने, स्वच्छ वातावरण के निर्माण के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी व पौधारोपण को बढ़ाने के लिए वन मित्र (गैर वन भूमि पर पौधारोपण की योजना) योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ पर्यावरण के लिए हरित आवरण की महत्वपूर्ण भूमिका और हरियाणा में वन क्षेत्रों में कमी को पहचानते हुए इस योजना का उद्देश्य वृक्ष आवरण बढ़ाने में स्थानीय समुदायों को सीधे शामिल करना है। योजना का उद्देश्य वृक्षारोपण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना, वृक्षारोपण की जीवित रहने की दर में वृद्धि सुनिश्चित करना और एक स्वस्थ रहने वाले वातावरण के लिए गैर-वन भूमि पर वृक्ष आवरण को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय स्थिरता, भूमि पर हरित आवरण की सीमा पर निर्भर करती है। हरियाणा जैसे कम वन वाले राज्यों में नागरिकों के लिए पारिस्थितिक संतुलन और परिवेशी पर्यावरण की बहाली के लिए निर्दिष्ट वन क्षेत्रों के बाहर वृक्ष आच्छादन बढ़ाने की आवश्यकता है। वन मित्र योजना सामुदायिक संसाधनों को जुटाने और वृक्षारोपण की देखभाल के लिए उत्साह पैदा करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक कदम है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 1.8 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों/व्यक्तियों की पहचान नागरिक संसाधन सूचना विभाग (सीआरआईडी) द्वारा बनाए गए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के आंकड़ों से की जाएगी और योजना में भाग लेने के लिए पात्रता की सूचना परिवारों को विभिन्न माध्यम द्वारा दी जाएगी।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला में चलाया जा रहा है स्वीप अभियान : पिलानी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि पात्र युवाओं के वोट बनवाने और मतदान जागरूकता को लेकर स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिला की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं में एक अध्यापक को नोडल अधिकारी बनाकर उन्हें स्वीप कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये नोडल अधिकारी अपने स्कूल या कालेज में 18 वर्ष की आयु पार कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों की शत-प्रतिशत भागीदारी हो तो हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। निर्वाचन आयोग ने हर एक मतदाता को यह अधिकार दिया है कि वह वोट देकर अपने मनपसंद उम्मीदवार का चयन कर सकता है। एक जनवरी, 2024 को 18 साल की उम्र पूरी कर चुके प्रत्येक युवक या युवती को अपनी वोटर आईडी बनवा कर चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला के युवक भारत निर्वाचन विभाग की वेबसाइट वोटर्सईसीआई.जीओवी.इन या वोटर्स हेल्पलाइन मोबाइल एप के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय लघु सचिवालय के द्वितीय भवन में स्थित जिला चुनाव कार्यालय में भी फार्म नंबर 6 भरकर ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में निर्वाचन क्षेत्र-21 करनाल के मतदाताओं व आमजन को ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर ईवीएम के संबंध में आमजन के ज्ञानवर्धन के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र, अमरीश व रंजीत चुनावों में प्रयोग होने वाली बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवी पैट मशीनों के संचालन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह भी है कि आमजन की ईवीएम पर विश्वसनियता बढ़े।

उन्होंने बताया कि आमजन को यह भी जानकारी दी जा रही है कि ईवीएम के बैलेट यूनिट के माध्यम से किए जाने वाले मतदान पूर्णतः गुप्त मतदान होता है। वीवी पैट मशीन के माध्यम से मतदाता को उसके द्वारा डाले गए वोट की पुष्टि करवाई जाती है। कंट्रोल यूनिट में मतदाता द्वारा किया गया मतदान पूर्णतः सुरक्षित हो जाता है, जो कि मतगणना के समय गिना जा सकता है।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण सरल केंद्र में सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए आने वाले नागरिकों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि आमजन को ईवीएम की पूरी जानकारी हो, मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हो और अधिक से अधिक मतदाता इसमें हिस्सा लें।

# फार्म से लाखों रुपयों की चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

## 20 सोलर प्लेट, 13 पेटी रेड बुल व रियल जूस, सिलेंडर, मोटरसाइकिल और रेहड़ी बरामद

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के कस्बा थाना असंध के अंतर्गत आने वाली जलमाना पुलिस चौंकी की टीम ने जलमाना एरिया के फार्म से लाखों रुपयों की सोलर प्लेट और गोदाम से कोल्ड ड्रिंक पेटियां चोरी करने वाले एक गिरोह के सात सदस्यों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से थाना असंध के अलग-अलग दो मुकदमों में चुराई गई 20 सोलर प्लेट और गोदाम से चोरी 8 पेटी रियल जूस, 5 पेटी रेड बुल, गैस सिलेंडर और वारदात में प्रयोग रेहड़ी व मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय पुत्र बीरा राम वासी जलमाना, अजय पुत्र सतपाल वासी जलमाना, गुरमीत पुत्र वेद प्रकाश वासी कबूलपुर खेड़ा, फुलदेव कुमार पुत्र हरिमन महतो वासी पोखरिया राय सरन, बबलू पुत्र बलबीर सिंह वासी कबूलपुर खेड़ा, साहिल उर्फ काला पुत्र राजेश वासी कबूलपुर खेड़ा और सोहन लाल उर्फ सोनू पुत्र रत्न लाल वासी सिरसल जिला कैथल के नाम शामिल हैं। आरोपियों को सामान की बरामदगी के लिए न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से उपरोक्त सामान बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि उन सभी ने मिलकर योजना बनाकर पैसों के लालच में वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने शिकायतकर्ता सुमित वासी मिजार्पुर, कुरुक्षेत्र के जलमाना स्थित फार्म से 16 मई 2023 को 15 प्लेट और 31 दिसंबर को उसी फार्म से 8 सोलर प्लेट चोरी की थी। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में साल 2023 में और 1 जनवरी 2024 को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने 8 फरवरी की रात को

**सफलता**

**8 पाया गया कि उन सभी ने मिलकर योजना बनाकर पैसों के लालच में वारदातों को अंजाम दिया है**

# मैस्ट्रोज कार्यक्रम में छाए खालसा कॉलेज के विद्यार्थी

**रोशन**

**8 विद्यार्थियों ने मैस्ट्रोज 2024 कार्यक्रम में चार पुरस्कार जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरू नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाइट कॉलेज पानीपत में आयोजित मैस्ट्रोज 2024 कार्यक्रम में चार पुरस्कार जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि डयूट गायन में केशव और मंशा ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं मंशा ने हिंदी गजल और श्लोक गायन में भी पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि केशव ने हिंदी गजल गायन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने कॉलेज पहुंचने पर विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और सभी को कॉलेज की तरफ से हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का विश्वास दिलाया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि कॉलेज पूर्व प्रधान एवं सांसद स्व. सरदार तारा सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय संगीत विभाग के अध्यक्ष डा. कृष्ण अरोड़ा को दिया।

## संपादकीय

# भारत और कृषि क्षेत्र में विकास

**भारत** के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें अपर्याप्त फार्म-गेट पोस्ट-हार्वेस्ट बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की स्थिति में महसूस किया जा सकता है। केंद्र की मौदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत, वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से छह वर्षों के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात वर्षों की अवधि के लिए 2.0 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है। इसके त्वरित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप इस अत्यधिक प्रभावी योजना का किसानों को लाभ मिला। एआईएफ के लिए अन्य सभी योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने की संभावना सहायक रही, जिससे फार्म-गेट अवसंरचना में निवेश की बढ़ी हुई व्यवहार्यता के साथ-साथ तेजी से योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित हुई।

इस योजना ने 55,600 से अधिक आवेदनों से 66,007 करोड़ रुपये से अधिक के फार्म-गेट अवसंरचना में प्रतिबद्ध निवेश के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। इस योजना के अंतर्गत 23,949 करोड़ रुपये के वितरण सहित अब तक 39,306 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इस योजना को कृषि उद्यमियों, किसानों और पैक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। सभी राज्यों ने इस योजना को अपनाया है, जिसमें 10,000 आवेदनों के साथ पंजाब सबसे आगे है, उसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस और प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर्स को 12,000 से अधिक आवेदकों से काफी आकर्षण मिला है। एआईएफ का मकसदः इस योजना को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से लागू किया गया है। इसमें कृषि-उद्यमिता भी है। यह मॉडल संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला में आवश्यकता आधारित फार्म-गेट अवसंरचना के निर्माण के लिए स्थानीय उद्यमिता की ताकत का लाभ उठाता है। इसके अलावा पैक्स संचालन का मॉडल किसानों की जरूरतों को समझने और उसके अनुसार फार्म गेट अवसंरचना का निर्माण करने के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पैक्स) के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाता है। एफपीओ के मॉडल ने एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाते हुए आवश्यक अवसंरचना के निर्माण में मदद की है। यह समूह समूह आधारित मॉडल है। नरेन्द्र मोदी सरकार की जागरुकता और प्रचारात्मक पहल के कारण योजना का सफल कार्यान्वयन संभव हुआ। भारत सरकार ने योजना के बारे में लक्षित समूहों के बीच जागरुकता और ज्ञान पैदा करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है।

# राजस्थान में कांग्रेस ने उतारे नए प्रत्याशी



रमेश सर्राफ धमोरा

> "जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कदूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य है तथा मात्र 26 साल की उम्र में ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई है। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है। टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वसपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है"

**राजस्थान** में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरें हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरने तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतार गया है। मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। दो दिन पूर्व भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरु से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था। यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य है तथा मात्र 26 साल की उम्र में ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई है। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है। टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वासपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है। हरीश मीणा 2014 में भाजपा से सांसद व 2018 तथा 2023 में कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वह पूर्व में राजस्थान पुलिस के डीजीपी रह चुके हैं। जोधपुर में करण सिंह उचियारड़ा को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछली बार वहां अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत उम्मीदवार थे। मगर 3 लाख वोटो से हार गए थे। 2014 में वहां से केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी प्रत्याशी रही थी। जोधपुर लोकसभा सीट को कभी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता था। वह जोधपुर से पांच बार सांसद व छह बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। मगर पिछले लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र की करारी हार के चलते उन्होंने अपने पुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही सीट से प्रत्याशी बनवाया है। जोधपुर से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है। जालौर-सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार यहां से रतन देवासी प्रत्याशी थे। जबकि 2014 में चित्तौड़गढ़ के रहने वाले उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया था। उदयपुर सीट से उदयपुर में कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 व 2014 में यहां से रघुवीर मीणा कांग्रेस प्रत्याशी रहे थे। चित्तौड़गढ़ सीट पर उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया है। आंजना गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तथा पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में पिछली बार गोपाल सिंह शेखावत व 2014 में गिरिजा व्यास चुनाव लड़ चुकी है। उदयलाल आंजना 2014 में जालौर-सिरोही सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस बार तीन मौजूदा विधायक झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, टोंक-सवाई माधोपुर से हरीश मीणा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा सांसद राहुल कस्बा को चूरू से तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरीश मीणा व ताराचंद मीना को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने तीन विधायकों को मैदान में उतार दिया है। वहीं पांच अन्य सीटों पर विधायकों कोटा से अशोक चांदना, दौसा से मुरारीलाल मीणा, राजसमंद से सुदर्शन सिंह रावत, बाड़मेर से हरीश चैधरी व करौली-धौलपुर से अनीता जाटव के नाम चल रहें है। कांग्रेस में चर्चा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भारतीय आदिवासी पार्टी को, सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को तथा नागौर व बाड़मेर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को गठबंधन में दी जा सकती है। इसी के चलते इन सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किए गए हैं। हालांकि बाड़मेर से विधायक हरीश चौधरी गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। वह बाड़मेर से सांसद रह चुके हैं तथा चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी ही बाड़मेर सीट से चुनाव लड़े। इसी के चलते अभी गठबंधन की घोषणा नहीं हो पाई है। कांग्रेस के लिए इस बार का चुनाव वर्चस्व का सवाल बना हुआ है। विधानसभा में मिली हार के बाद कांग्रेस के पास यह सुनहरा अवसर है की वह पिछली दो बार की हार को जीत में बदलकर अपना खोया जनाधार फिर से मजबूत करने की दिशा में अग्रसर हो।



वैभव गहलोत
जालोर-सिरोही

राहुल कस्वां
चूरू

ललित यादव
अलवर

## कविता

### युद्ध नही शांती का संदेश दो।

युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप
ही परिणति होती है,
अक्सर होता है ऐसा
देश या इसान
दुख और पश्चाताप में
डूब जाता है हमेशा के लिए।
युद्ध, हिंसा,
किसी समस्या का हल नहीं।
फिर क्यों लोग करते हैं
इतना ज्यादा भरोसा।
युद्ध में जीत,
जीत नहीं होती।
बलपूर्वक हिंसा से
किसी से जीतना
वीरता नहीं होती,
क्रूरता की परिणति
मुस्कान और शांति,
सहजता नहीं हो सकती,
मानवीय सभ्यता ,शिक्षा
और संस्कृति ,संस्कारों
का प्रतिफल
परायों का हिस्सा,
जीवन हरण है,
तो अहिंसक,
अशिक्षित मानव
प्रेम ,शांति और
सौहाद्र का संदेशवाहक
सौगुना भला होता है

संजीव

# हरियाणा में बीजेपी की चाल से विपक्ष का बिगड़ा खेल

**रोहित माहेश्वरी**

**हरियाणा** में बीते दो तीन दिनों में भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री से लेकर पूरा मंत्रिमंडल को बदल डाला। ये सब इतनी तेजी से हुआ कि विपक्ष तो क्या बीजेपी के नेताओं को भी कुछ समझने का अवसर नहीं मिला। एक तरह से बीजेपी आलाकमान ने हरियाणा में सर्जरी कर सरकार को चेहरा और चाल बदल दी। वहीं जजपा से उसने गठबंधन तोड़कर उसने इस बार उसने सरकार बनाई है। यानी अब भाजपा और जननायक जनता पार्टी के बीच का गठबंधन खत्म हो चुका है। कुछ ही महीनों बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनावों के महज कुछ दिन बाद ही अक्टूबर में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। उसके पहले भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा खेल कर डाला है। हरियाणा में एकाएक सरकार बदलने के घटनाक्रम ने बीजेपी की उस रणनीति की याद दिला दी है, जिसकी बदौलत वो उत्तराखंड से त्रिपुरा से गुजरात तक सत्ता दोहरा चुकी है। अभी बीजेपी की इस चाल से हरियाणा का पूरा सियासी गणित बदल चुका है। इस परिवर्तन से एक दिन पहले ही सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के के अभूतपूर्व विकास-कार्यों की प्रशंसा की हो! मोटर साइकिल पर बिताए उन दिनों को याद किया हो, जब वे संगठन के लिए सक्रिय थे! सिर्फ रात ही बीती थी, क्योंकि सुबह तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पद से इस्तीफा देना था! मुख्यमंत्री का नया दायित्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को सौंप दिया गया। सैनी को मनोहर लाल खट्टर का करीबी माना जाता है। पिछले वक्त पहले बीजेपी ने ओम प्रकाश धनखड़ की जगह सैनी को हरियाणा इकाई का अध्यक्ष बनाया गया था। राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में सैनी की नियुक्ति को ओबीसी और गैर-जाट समुदायों पर पकड़ मजबूत करने के मकसद से पार्टी के एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। हरियाणा में सैनी समुदाय की आबादी करीब 8 फीसदी है। यह समुदाय हरियाणा के कई उत्तरी जिलों के अलावा अंबाला, कुरूक्षेत्र और हिसार समेत कुछ अन्य जिलों में भी प्रभाव रखता है।

अभी मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ कहीं ना कहीं लोगों में नाराजगी के बीच सैनी को सत्ता विरोधी लहर से निपटने के लिहाज से उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व को फीडबैक मिला होगा कि मुख्यमंत्री खट्टर के कारण जातीय समीकरण बिगड़ रहे हैं। जनता का एक बड़ा हिस्सा उनसे नाराज हो सकता है। चूंकि वह 2014 से ही निरंतर मुख्यमंत्री बने रहे हैं, लिहाजा सत्ता-विरोधी लहर भी स्वाभाविक है। चुनाव से ऐन पहले ही मुख्यमंत्री बदलने का औचित्य मोदी ही बता सकते हैं, यदि उनकी इच्छा हो! प्रधानमंत्री की बुनियादी चिंता लोकसभा चुनाव है। यदि हरियाणा में जनादेश आधा-अधूरा रहा, तो 370 लोकसभा सीट का लक्ष्य पूरा कैसे होगा?

## विचार

# व्यापक और व्यवहारिक जन-उपयोगी अधिनियम की आवश्यकता

**संजीव**

**भारत** सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में निर्मित कर तो दिया है एवं केंद्र से लेकर हर राज्य के प्रत्येक जिले तक उपभोक्ताओं के हित के लिए उपभोक्ता प्रतितोष फोरम स्थापित किए गए हैं, पर यह कानून ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अभी तक नहीं पहुंच पाया है और वे वे विक्रेताओं द्वारा आसानी से उनकी धोखाधड़ी तथा ठगी का शिकार लगातार होते जा रहे हैं। भारतीय संदर्भ में उपभोक्ता आंदोलन को 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई में स्थापना की गई थी। इसके अलावा कुछ प्रमुख शाखाएं महत्वपूर्ण शहरों में स्थापित की गई थी। स्वयंसेवी संगठन के रूप में उपभोक्ता पंचायत की स्थापना बी एम जोशी द्वारा 1974 मैं पुणे में की गई थी। इस तरह उपभोक्ता संगठन लगातार आगे बढ़ता रहा है। 24 दिसंबर 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद में पारित किया गया और राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू कर दिया गया था। इसके पश्चात 1993 तथा 2002 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए इसके लगातार संशोधन होते रहे हैं। इन संशोधनों के बाद यह कानून अत्यंत सरल सुगम अधिनियम के तौर पर आम जनता के सामने आया है। इस अधिनियम के अंतर्गत के द्वारा स्थापित अर्ध न्यायिक तंत्र के द्वारा पारित आदेशों का पालन न किए जाने पर धारा 27 के अंतर्गत कारावास का दंड और धारा 25 के अंतर्गत कुर्की का प्रावधान भी किया गया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अनुसार हर वह व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिए सामान अथवा सेवाएं चाहता है, वह उपभोक्ता विक्रेता की अनुमति से ऐसे समान सेवाओं का प्रयोग करने वाला व्यक्ति भी उपभोक्ता है। अतः हम मेंसे प्रत्येक व्यक्ति उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धाराओं के अंतर्गत उपभोक्ता को कुछ अधिकार प्रदान किए गए है,उनमें से

1,उन उत्पादों तथा सेवाओं में सुरक्षा का अधिकार जो जीवन तथा संपत्ति को हानि पहुंचा सकते हैं।

2 उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता मात्रा प्रभाव शुद्धता मानक तथा मूल के बारे में जानने का अधिकार जिससे उपभोक्ता को अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके।

3, प्रीतियोगात्मक मूल्यों पर विभिन्न सामान्य तथा सेवाओं तक पहुंच के प्रति आशान्वित होने का अधिकार।

4, धोखाधड़ी के विरुद्ध सुनवाई तथा विनियोजन का अधिकार।

5 अनुचित तथा प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रतिनिधियों द्वारा उपभोक्ताओं के अनैतिक शोषण के विरुद्ध सुनवाई का अधिकार।

6 वक्ताओं को जागरूक करने तथा शिक्षा का अधिकार।

प्रत्येक व्यक्ति जो व्यापारियों उत्पाद को या ऐसी सेवाओं से प्रताड़ित अथवा ठगी का शिकार हुआ है वह उसकी कीमत के अनुसार क्षतिपूर्ति का अधिकार रख जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित उपभोक्ता फोरम पर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकता है। यह एक अर्ध न्यायिक तंत्र है इसमें साधारण कागज में अपनी शिकायतों को उक्त सेवाओं की रसीद के साथ उक्त सेवाओं की कीमत के हिसाब से जिला, राज्य, अथवा राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में शिकायत स्वयं जाकर अथवा डाक से भेज कर कर सकता है। शिकायत यदि राशि 20लाख से कम है तो जिला फोरम में शिकायत करें। यदि राशि ?20 लाखसे अधिक एक करोड़ तक है तो राज्य आयोग के समक्ष और यदि राशि एक करोड़ से अधिक है तो राष्ट्रीय फोरम या आयोग में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता फोरम द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदान सामान में खराबी हटाना, सामान को बदलना, चुकाए गए मूल्य को वापस दिलाना अथवा हानि अथवा चोट के लिए क्षतिपूर्ति सेवाओं में कमियां, हटाने के साथ-साथ शिकायतकर्ता को पर्याप्त न्यायालय व्यय वहन प्रदान की राहत दी जाती है। शहरी उपभोक्ता तो पढ़ा लिखा होने का कारण जागरूक है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# मौसी-जय संवाद

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मौसी :** क्या बताए बेटा , 400 रुपए वाला सिलेंडर 1100 रपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 100 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 750 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 120 रुपए होगा। लगता है महंगाई की होड़ जेट स्पीड से है। अब तुम्हीं बताओ बेटा **हम जैसे लोग कैसे जिएँ?**

**जय : अरे** मौसी! जेट में बैठने का सुख सभी को नसीब थोड़ी न होता है। वह तो हम सब किस्मत वाले हैं कि जीते जी महंगाई की जेट स्पीड का मजा उठा रहे हैं। महंगाई को महंगाई मत कहो। यह तो देशभक्ति है देशभक्ति!

**मौसी :** वो कैसे बेटा?

**जय : मौसी!** वेदों-पुराणों में लिखा है कि देशभक्ति तन-मन-धन से की जानी चाहिए। तन तो हमारे पास है। मन की बात कोई और करता है। जहाँ तक सवाल धन का है तो इसके लिए सीधी उंगली या फिर टेढ़ी उंगली का इस्तेमाल करना होगा। जो लोग देशभक्ति के लिए दान-धर्म नहीं कर सकते या नहीं करना चाहते उनसे सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, मोबाइल, टीवी, प्लाटफार्म, खाने का तेल आदि की कीमतें बढ़ाकर वसूली करना होगा। इस तरह से देशभक्ति के लिए की गई वसूली शास्त्रों में पाप नहीं माना जाता। सरकार महंगाई के बहाने हमारे हाथों पुण्य करवा रही है।

**मौसी :** यह तो मैंने सोचा ही नहीं था बेटा! अब इतना भी बता दो कि ऐसी देशभक्ति भी किस काम की जिसमें जीना हराम हो जाए। खाने के लाले पड़ जाएँ। अब तुम्हीं बताओ महंगाई की देशभक्ति से वसूला पैसा किस काम का?

**जय :** बड़ी भोली है मौसी आप! चार दिन की जिंदगी में काहे की महंगाई काहे की गरीबी। चार दिन के बाद तो यह किचकिच खत्म हो जाएगी। लेकिन याद रखो मौसी! हम रहें न रहें देश रहना चाहिए। और यह देश यूँ ही अखंड नहीं रह सकता। इसके लिए शक्तिशाली सरकार की आवश्यकता पड़ती है। देश में अपनी सरकार बनाए रखने के लिए केवल चुनाव जीतना काफी नहीं होता। सरकार के और भी कई सारे जरूरी काम होते हैं। मसलन एमएलए, एमपी की खरोद-फरोख्त करनी होती। उन पर मुंहमांगा पैसा लुटाना पड़ता है।

## श्रद्धांजलि

**डॉ. सुरेश कुमार**

**दाँतों के** बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं। ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई। वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफरत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज था कि उसने चार सौ बीसी करके मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था।

## न्यूज फ्लैश

### मुद्रेक्स ने भारत में निवेशकों के लिए लॉन्च किया बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ

**बैंगलुरू:** वाय-कॉम्बीनेटर द्वारा समर्थित ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमेन्ट प्लेटफॉर्म मुद्रेक्स ने भारतीय निवेशकों के लिए यूएस बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ के लॉन्च की घोषणा की है। निवेशक मुद्रेक्स के प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 4 लाख रूपए के साथ बिटकॉयन स्पॉट ईटीएफ में निवेश शुरू कर सकते हैं। मुद्रेक्स निवेशकों को व्यक्तिगत स्पॉट ईटीएफ चुनने, पर्सनलाइज्ड बास्केट बनाने तथा बाजा़र पूंजीकरण के आधार पर पहले से सूचीबद्ध विकल्पों को चुनने में मदद करता है। पहले चरण में प्लेटफॉर्म चार स्पॉट ईटीएफ-ब्लैक रॉक, फिडेलिटी, फ्रेंकलिन, टेम्पलटन और वेनगार्ड को सूचीबद्ध करेगा। निवेशक एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेन्ट प्लान) या एकमुश्त (लम्प-सम) निवेश में से अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार विकल्प चुन सकते हैं। वे केवायसी प्रक्रिया पूरी कर मुद्रेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्पॉट बिटकॉयन ईटीएफ में निवेश कर सकते हैं। डिजिटल सम्पत्तियों के तेजी से बदलते परिवेश में निवेश का यह नया समाधान लाना मुद्रेक्स के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर श्री एदुल पटेल, सीईओ एवं सह-संस्थापक, मुद्रेक्स ने कहा, ह्यह्यपिछले कुछ महीनों में बिटकॉयन ईटीएफ की बढ़ती मांग तथा हमारे प्लेटफॉर्म पर यूजर्स के बढ़ते रिक्वेस्ट के मद्देनजर हमने भारतीय निवेशकों के लिए इस लॉन्च का फैसला लिया। हम निवेशकों को क्रिप्टो प्रोडक्ट्स की विविध रेंज में निवेश के विकल्प देना चाहते हैं, ताकि वे आज के डायनामिक डिजिटल सम्पत्तियों के दौर में सहज एवं सुलभ समाधान पा सकें। मुद्रेक्स भारतीय एवं यूरोपीय संघ की स्थानीय विनियामक संस्थाओं के पूर्ण अनुपालन में अपना संचालन करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत में एफआईयू (फाइनैंशियल इंटेलीजेन्स युनिट) के साथ रजिस्टर्ड है और इसके पाय ईयू में वीएएसपी (वर्चुअल असेट सर्विस प्रोवाइडर) का लाइसेंस है। मुद्रेक्स ने इटली में ओएएम (ऑर्गैनिस्मो एजेंटी ई मेडिआटोरी) का रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया है।

### चैलेंज टूर की भारत वापसी के साथ दिल्ली चैलेंज 2024 की घोषणा

**क्लासिक** गोल्फ एण्ड कंट्री क्लब, हरियाणा, 12 मार्च 2024: युरोपियन चैलेंज टूर और टाटा स्टील प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने आज संयुक्त रूप से पहले दिल्ली चैलेंज की घोषणा की। चैलेंज टूर और टाटा स्टील पीजीटीआई द्वारा सह-अनुमोदित टूनार्मेन्ट के लिए 300,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि तय की गई है और इसे 14 -17 मार्च 2024 के बीच दिल्ली के बाहरी इलाके में, हरियाणा के नूह स्थित विशाल आईटीसी क्लासिक गोल्फ एण्ड कंट्री क्लब में खेला जाएगा। दिल्ली चैलेंज, चैलेंज टूर और टाटा स्टील पीजीटीआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीसरा कार्यक्रम है, इसके पहले पिछले साल ही डीपी वर्ल्ड टूर और टाटा स्टील पीजीटीआई के बीच सामरिक साझेदारी की घोषणा की गई थी। चैलेंज टूर और पीजीटीआई ने मार्च 2023 में बैंगलुरू में एक के बाद एक -दो आयोजन किए थे। मैदान पर खेलने वाले प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे- चैलेंज टूर के विजेता और 2023 टाटा स्टील पीजीटीआई रैकिंग चैम्पियन ओम प्रकाश चौहान, मौजूदा टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर मनु गंडास, ओलम्पियन उदयन माने, अमन राज, करण प्रताप सिंह और सचिन बाइसोया। इस सप्ताह चैलेंज टूर से कुछ प्रमुख नाम हैं- स्वीडन से रोड टू मालोरका रैंकिंग लीडर माइकेल लिंडबर्ग, स्वीडन से बजोर्न अकेसोन, फ्रांस से मार्टिन कोवरा, इंगलैण्ड से सैम हट्सबी और डेनमार्क से ल्युकास बजेरेगार्ड। जेमी होजेस, चैलेंज टूर डायरेक्टर ने कहा, ह्यह्यहमें खुशी है कि हमें दूसरे साल रनिंग के लिए भारत वापसी का मौका मिला है। ये दो सप्ताह हमें पिछले साल की सफलता की तरह चैलेंज टूर में अवसर उपलब्ध कराएंगे।

### सोनालीका ने पीएयू किसान मेले 2024 में लांच किये न्यू टाइगर डीआई 55 थ्री और सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस ट्रैक्टर

**लुधियाना:** देश के नंबर एक ट्रेक्टर एक्सपोर्ट ब्रांड सोनालीका ने गुरुवार से पीएयू में शुरू हुये दो दिवसीय किसान मेले 2024 के पहले दिन ईंधन दक्षता और आधुनिक तकनीक युक्त न्यू मॉडल्स - 12 एफ प्लस 3 आर युक्त सोनालीका टाईगर 55 थ्री और 12 एफ प्लस 12 आर मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस लांच किया है। यह उत्पाद किसानो की फार्म उत्पादकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगें। इन उत्पादों के अलावा सोनालीका ने 4डब्ल्यूडी ट्रेक्टरों की रेंज - टाईगर डीआई 75 सीआरडीएस 4 डब्ल्यूडी, टाईगर डीआई 65 डीआई 745 थ्री 4डब्ल्यूडी, सोनालीका आरएक्स 750 थ्री और सोनालीका एमएम 18 भी प्रदर्शित किये। कृषि उत्पाद जैसे न्यू बैलर, लेजर लैवलर्स, न्यूमेटिक प्लांटर, सुपर सीडर, स्ट्रा रीपर, मोबाइल शैडर, कंबाईन हारवेस्टर और तीन एडवांस रोटावेटर मॉडल भी किसानों के समक्ष पेश किये हैं। सिकंदर टाइगर डीआई 55 थ्री यूरोप में डिजाईन किये गये हैं जोकि थ्री सिलेंडर 3532 सीसी इंजन युक्त है। यह 235 एनएम को उत्कृष्ट टॉर्क के साथ 5 जी हाइड्रोलिक और 2200 किलो लिफ्टिंग की क्षमता रखता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रिकॉर्ड मतों से होगी जीत: योगेंद्र राणा

## चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। देश में** लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। इन चुनावों को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियों शुरू कर दी हैं। हरियाणा लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे हॉट सीट करनाल जिसमें भाजपा प्रत्याशी के रूप में पार्टी ने निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चुनाव में उतारा है। इसको लेकर कार्यकताओं में काफी जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। करनाल लोकसभा चुनाव को लेकर कृष्णा मंदिर में करनाल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की प्रथम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने की। बैठक में मुख्य रूप से करनाल की निवर्तमान मेयर



रेणू बाला गुप्ता, पूर्व प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, अमरनाथ सौदा और जिला महामंत्री सुनील गोयल मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर करनाल लोकसभा चुनाव में हुए पिछली जीत के रिकॉर्ड तोडने का काम करेंगे और करनाल लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जिताने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि देशभर में बीजेपी का लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है और मुझे विश्वास है कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम करते हुए पार्टी को मजबूती देने का काम कर रहे हैं। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि संजय बठला, नगर निगम की पूर्व मेयर रेणू बाला गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सुखीजा ने भी अपने विचार रखे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला मीडिया प्रमुख डा.अशोक कुमार, पूर्व पार्षद वीर विक्रम, रजनी परोचा, मेघा भंडारी, दीपक गुप्ता, विनय संधू, मीना काम्बोज, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलदीप शर्मा, शीशपाल राणा, अमर ठक्कर, बिशन सिंह, विकास सुखीजा, राजेश अघी, अशोक दीवान सहित अन्य सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 14.65 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र में** ऑनलाइन एप के माध्यम से ट्रेडिंग व आईपीओ खरीद में के नाम पर युवक से 14.65 लाख रुपये हड़पने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने विभाग की तरफ से मामले को साइबर थाने में भेजा है। जिस पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि साइबर ठग अब उससे 12.56 लाख रुपये और मांग रहे है। अपार्टमेंट कुंडली निवासी प्राणतोष ने बताया कि 9 जनवरी को वह एफआईआई अकाउंट नाम के ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग संस्थान से जुड़ा था। उन्होंने वह वेल स्टॉक नामक ऑनलाइन एप के माध्यम से प्री-मार्केट ट्रेडिंग और आईपीओ खरीदारी करता है। वह उन्हें रोज शेयर खरीदने की सलाह देने लगे। साथ ही वह अपने खाता नंबर पर रुपये जमा कराने की सलाह देते थे। उन्होंने बातों में लेकर उनसे करीब एक माह में 14.65 लाख रुपये जमा करा लिये। उनके खाते में 69.54 लाख रुपये दिखाई देने लगे। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी उन्हें मैसेज मिला कि खाते को चालू रखने के लिए इसमें जमा धनराशि कम है और उन्हें 50 लाख रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने रुपये जमा कराने से मना कर दिया। फिर उन्होंने कहा कि वह अपने खाते से सभी रुपये निकाल सकते है या इसमें बड़ी राशि जमा होने तक इंतजार कर सकते है। पीड़ित का कहना कि उन्होंने रुपये निकालने को कहा। उन्होंने इसके लिए बहाना बना दिया। साथ ही कहा कि अमेरिका की कर प्रणाली के अनुसार व्यक्ति की 60,000 और 150,000 के बीच की वार्षिक आय 30 फीसदी व्यक्तिगत आयकर के अधीन है।

## नशा तस्करी में महिला सहित तीन को तीन-तीन साल कैद


**हिसार:** एडीजे अमित सहरावत की अदालत ने नशा तस्करी के मामले में महिला सहित तीन तस्करों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी बनी सिंह, उसकी पत्नी बिमला व एक अन्य दर्शन सिंह पर 10-10 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत में चले मामले के अनुसार बरवाला पुलिस ने 9 जून 2018 को आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। मामले के अनुसार पुलिस की स्पेशल टीम बरवाला क्षेत्र में गश्त पर थी।

## 'मनोहर लाल सांसद बनकर अब राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाएंगे करनाल का सम्मान'

### पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कार्यकाल बेमिसाल, स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर को करनाल लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि जिस तरह से उन्होंने करनाल से विधायक होते हुए बतौर मुख्यमंत्री करनाल को नई पहचान दी, उसी तरह से करनाल लोकसभा से सांसद बनकर किसी बड़े दायित्व से सुशोभित होकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल का सम्मान बढ़ाकर यहां का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश में साढ़े नौ साल के कार्यकाल में मनोहर लाल ने अंत्योदय



भाव से गरीब, कमेरे व कमजोर वर्ग के साथ-साथ हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने घरौंडा जैसे पिछड़े कहे जाने वाले इलाके को विकास के नए आयाम दिए। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की विकासपरक सोच के कारण आज घरौंडा जैसे पिछड़े कहे जाने वाले इलाके का नाम अग्रणी श्रेणी में लिया जाने लगा है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में जिस तरह से मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन और योजनाओं के कार्यान्वयन, अंत्योदय भावना से अंतिम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए जो कार्य किया है, वह बेमिसाल व काबिलेतारीफ है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की सकारात्मक व विकासपरक कार्यशैली के कारण उनका कार्यकाल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के अब तक के मुख्यमंत्रियों में सबसे बेहतर कार्यकाल उनका इसलिए रहा है, क्योंकि उनके कार्यकाल में ना केवल बिना पर्ची व खर्ची के नौकरियां लगी, बल्कि हरियाणा ने विकास में नई इबारत लिखकर हर वर्ग को सम्मान दिया। उनके कार्यकाल में पूरे प्रदेश ने विकास के नए आयाम छुए तथा क्षेत्र के विकास के लिए यहां की जनता सदा उनकी आभारी रहेगी। विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनाल लोकसभा से रिकार्डतोड़ जीत होगी तथा उसके बाद उनके अनुभव, समर्पण भाव व उनकी कार्यशैली को देखते हुए उनकी राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका होगी, जिसका लाभ भविष्य में हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ करनाल को भी मिलेगा।

## कैंटर चोरी करने का प्रयास

**सोनीपत:** थाना क्षेत्र के गांव पलड़ा में घर के बाहर खड़े कैंटर को चोरी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित कैंटर चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर गांव के युवक पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पलड़ा निवासी तुषार ने बताया कि उसने कैंटर खरीद रखा है। गत 13 मार्च को सुबह कैंटर खाली करने के बाद अपने घर पर आ गया। कैंटर को घर के बाहर गली में खड़ा कर दिया। रात करीब 12 बजे उसे खट-खट की आवाज सुनाइ दी। उसने घर के बाहर जाकर देखा तो कैंटर की परिचालक सीट की तरफ से खिड़की खुली हुई थी। कैंटर के पास जाकर देखा तो उसका पड़ोसी प्रदीप उर्फ भोपू गाड़ी को स्टार्ट करने का प्रयास कर रहा था। उसी दौरान उसकी कहासुनी हो गई। कैंटर चोरी करने की बात कहने पर झगड़ा करने लगा। उसी दौरान गांव का अनिल, मोनू भी आ गया। उन्होंने प्रदीप से कहा कि तू कैंटर क्यों चोरी कर रहा है। उसके बाद प्रदीप गलती मानने लगा। पीड़ित ने बताया कि अगर उसकी आंख नहीं खुलती तो उसका कैंटर चोरी हो जाता। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के** गांव गढ़ी बाला में पुल के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने मोटरसाइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई।। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

गांव गढ़ी बाला निवासी कीर्ति ने बताया कि उनका पिता सुनील कुमार गाड़ी चालक है। वह बुधवार रात बाइक पर सवार होकर गांव बारोटा से सोनीपत की तरफ आ रहे थे। जब वह गांव गढ़ी बाला पुल के पास पहुंचे तो उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले का पता लगते ही वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंची तो जानकारी मिली कि उनके पिता को नागरिक अस्पताल में ले जाया गया है। जिस पर वह अस्पताल में पहुंचे तो पता लगा कि उनके पिता को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। बाद में उपचार के दौरान उसके पिता ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने कीर्ति के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चालक का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

## सीए स्टूडेंट्स के लिये इंडस्ट्रियल विजिट आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चार्टेड अकाउंटेंसी (सीए) स्टूडेंट्स को क्लासरुम्स की रोटिन थ्यिूरी से हट कर आईसीएआई ने उनके लिये एक दिवसीय इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया। सीए समुदाय का देश व्यापी सर्वोच्च संघ - दी इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंड्स आफ इंडिया (आईसीआईए) ने 250 सीए स्टूडेंट्स के लिए परवाणू स्थित अनूप्सा हैरिटेज प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री का दौरा आयोजित किया जिसमें वे मैन्यूफैक्चरिंग, मार्केटिंग एंड सेल्स और डिस्ट्रीब्यूशन की प्रक्रियाओं से अवगत हुये। आईसीएआई चंडीगढ़ के चेयरमेन सीए अभिषेक सिंह चौहान ने बताया कि यह इंडस्ट्रियल विजिट लगभग दस वर्ष के अंतराल में आयोजित की गई जोकि स्टूडेंट्स के लिये अत्यंत लाभप्रद साबित हुई। उन्होंनें ऐसे आयोजनों को सार्थक बताया कि जिससे की उन्हें प्रेक्टिकल एक्सपोजर भी प्राप्त हो सके। यह दौरा निकासा चेयरमेन सीए साहिल मित्तल की अगुवाई में आयोजित किया गया।

## चीनी मिल मामला: बिना रिकार्ड के गोदाम तक पहुंचने में कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत के चीनी मिल** परिसर में बने गोदाम में बिना रिकार्ड के लाखों रुपये कीमत चीनी के भंडारण को अगर मिल के रिकार्ड के साथ जोड़ दिया जाता हो मिल का चीनी रिकवरी रेट प्रदेश के अन्य चीनी मिलों से बेहत्तर रहने का अनुमान था। कारखाने में चीनी का उत्पादन करने के बाद उसे बिना रिकार्ड के गोदाम तक पहुंचने में कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जानकारी मिली है कि पहले ही प्रबंधन की तरफ से नोटिस जारी करके सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए थे, जिसके बाद कर्मचारियों ने गोदाम में 972 चीनी के बैगों को बिना रिकार्ड के गोलमाल करने के लिए रख दिया गया। गोदाम के अंदर मिले चीनी के बैगों की कीमत 20 लाख रुपये से ज्यादा की है। बिना रिकार्ड की चीनी अगर रिकार्ड में होती तो वर्ष 2022-23 पेराई सत्र में चीनी का रिकवरी रेट का आकड़ा प्रदेश के अन्य चीनी मिलो की तूलना में बेहत्तर होता।

**यह था मामला-**

शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में गड़बड़ी का मामला नया नहीं है। पहले भी गोदाम में चीनी के अतिरिक्त बैग मिलने का मामला सामने आ चुका है। हालांकि इतने बड़े स्तर पर लाखों रुपये कीमत की चीनी का गोदाम में बिना रिकार्ड के मिलने का मामला पहली बार सामने आया है। मिल में आपसी विवाद और मिल के पेराई सत्र को चलाने को लेकर अधिकारियों में तालमेल की कमी देखने को मिलती थी। गत पेराई सत्र व मौजूदा पेराई सत्र के दौरान कारखाने को चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामलों को किसी न किसी तरह से निपटा दिया गया था। हाल में चीनी मिल फिर से सुर्खियों में आ गया है। चीनी मिल परिसर के अंदर बने गोदाम में लाखों रुपये कीमत की चीनी का कोई वारिस रिकार्ड में नहीं होना बताया जा रहा है।

## हत्या की वारदात में हथियार मुहैया करवाने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: राई थाना पुलिस** ने गोली मारकर युवक की हत्या करने में हथियार मुहैया करवाने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ मोंटी निवासी करनाल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव औरंगाबाद निवासी मोहन ने गत 9 अगस्त 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गांव के उज्जवल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके भाई दीपक की रंजिश के चलते गोलियां मारकर हत्या कर दी थी।

## आईटीआई में जा रहे छात्र पर चाकुओं से हमला कर मोबाइल लूटा

### शहर के व्यस्तम देवीलाल चौक के पास दिन-दहाड़े बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिले में बदमाशों के हौंसलें बुलंद है। जो दिन दहाड़े वारदात को अंजाम देने में नहीं कतरा रहे है। बदमाशों के अंदर पुलिस का भय खतम होता रहा हे। शहर के देवीलाल चौक के पास तीन बदमाशों ने आईटीआई में जा रहे छात्र पर चाकुओं से हमला कर घायल करने व उससे मोबाइल फोन लूटने की वारदात को अंजाम दिया है। वारदात को दिन-दहाड़े बदमाशों ने अंजाम दिया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। मामले की सूचना मिले ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए है। वहीं उसके पिता के बयान पर तीन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-14 निवासी अंकुश जैन ने बताया कि वह आईटीआई में ऑटोमोबाइल ट्रैड की पढ़ाई कर रहा है। आईटीआई में जाने के लिए सुबह उसके पिता उसे बस स्टैंड पर छोड़कर गए थे। उसके बाद वह अपने दोस्त के साथ ऑटो में बैठकर आईटीआई में जाता है। सुबह करीब 8.30 बजे वह देवीलाल चौक से मामा-भांजा चौक की तरफ जाने लगा। वह चिराग इलैक्ट्रिानिक्स की दुकान के सामने पहुंचा। उसी दौरान एक लड़के ने उसकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। उसके गली की तरफ अंदर ले गया। जहां दो अन्य लड़के भी मौजूद थी। तीनों के हाथों में चाकू थे। उसी दौरान एक लड़के ने उसकी जेब से उसका मोबाइल फोन निकाल लिया। उसे धमकी देने लगे कि जो तेरे पास है, निकालकर उन्हें दे दे। उसके बाद उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। उसके हाथों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**50 मीटर पर रहती है पुलिस की तैनाती-**

शहर के देवीलाल चौक पर चाकूओं से हमला कर छात्र को घायल करने की वारदात से लोगों को भय सताने लगा है। वारदात स्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहते है। वहीं कुछ दूरी पर मामा-भांजा चौक पर भी पुलिस कर्मचारियों की तैनात सुबह से रहती है। ऐसे में दिन-दहाड़े बदमाशों द्वारा छात्र पर चाकुओं से हमला कर मोबाइल फोन लूटने से लोगों में भय व पुलिस की तैनाती पर सवाल खड़े करता है।

## हरियाणा में सीएए के लागू होने से और बढ़ जाएगी बेरोजगारी: अनुराग ढांडा

### प्रदेश में पाकिस्तानियों के आने से कानून व्यवस्था बिगड़ जाएगी: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सीएए के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में सीएए लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। 10 साल देश पर राज करने के बाद चुनाव से बिल्कुल पहले इन लोगों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो शायद आज सीएए की जगह अपने कामों पर वोट मांग रहे होते। आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी की है। किसी के लिए भी घर चलाना मुश्किल हो रहा है। हरियाणा के युवा रोजगार



के लिए दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। उन पर डंडे लाठियां बरसाई जा रही हैं। ऐसे में सरकार बेरोजगारी और महंगाई का समाधान ढूंढने की बजाय सीएए पर बात कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएए लागू होने से हरियाणा में भी और बेरोजगारी बढ़ जाएगी जिससे और ज्यादा गरीबी बढ़ेगी। इसके अलावा कानून व्यवस्था बिगड़ जाएगी, लेकिन आम आदमी पार्टी हरियाणा में सीएए लागू नहीं होने देगी। हरियाणा में पाकिस्तानी लोगों को रोजगार और नागरिकता देने पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो जायेंगे। जगह-जगह हुड़दंग बाजी बढ़ जाएगी। जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएए के लागू बड़ी संख्या में वहां से अल्पसंख्यकों को हमारे देश में लाया जाएगा। उनको रोजगार दिए जाएंगे। उनके लिए घर बनाने जाएंगे। उन्हें यहां बसाया जाएगा। बीजेपी की केंद्र सरकार से हमारे बच्चों को रोजगार नहीं दिए जा रहे हैं लेकिन पाकिस्तान से लोगों को लाकर उनके बच्चों को रोजगार देना चाहते हैं। जबकि प्रदेश में पहले ही बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है।सीएए के लागू होने से लाखों लोग हरियाणा की सरकारी और पंचायती जमीन कर कब्जा कर लेंगे। जिससे गांवों और शहरों में अव्यवस्था बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले पाकिस्तान से लोगों को बुलाकर भारत में उन्हें घर देना चाहते हैं। भारत सरकार का जो सरकारी पैसा हमारे परिवार और देश के विकास पर खर्च होना चाहिए, वह पैसा पाकिस्तानियों को भारत में बसाने पर खर्च किया जाएगा। इन तीन देशों में लगभग ढाई से 3 करोड़ अल्पसंख्यक हैं। यह तीनों बहुत गरीब देश हैं। जैसे ही भारत के दरवाजे खुलेंगे, इन तीन देशों से भारी भीड़ हमारे भारत में आ जाएगी। अगर डेढ़ करोड़ लोग भी भारत आ गए तो इनको कौन रोजगार देगा? इनको कहां बसाओगे?

बीजेपी वाले इनको अपने घर में बसाएंगे? बीजेपी वाले इनको रोजगार देंगे? उन्होंने कहा कि ये भाजपा की वोट बैंक की गंदी राजनीति है। इन तीनों देशों से लोगों को लाकर चुन चुन कर देश के अलग-अलग भागों में बसाया जाएगा। जिससे जहां-जहां बीजेपी के वोट कम हैं, वहां बीजेपी का पक्का वोट बैंक तैयार हो जाएगा।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला की घोषणा की, होम कूलिंग में नए मानक स्थापित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र:** भारत में एसर होम अप्लायंसेज के आधिकारिक लाईसेंसी, इंडकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग, 1.5 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन - 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस, और कूलस्फेयर एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। ये नए एयरकंडीशनर ग्राहक-अनुभव को प्राथमिकता देते हुए शुरू में देश में सभी ऑफलाईन रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगे।एसर एयरकंडीशनर्स में भारत में पहली बार 7-इन-1 कन्वर्टिबल टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग की अग्रणी विशेषता दी गई है। इस टेक्नोलॉजी द्वारा यूजर्स कूलिंग को अपनी जरूरत के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन एसी में आर्कटिक रैप कूलिंग है, जो 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में भी शक्तिशाली और भरोसेमंद कूलिंग प्रदान करती है। एसर एसी की इंटैलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटैलिजेंस के साथ आती हैं, जिसकी मदद से ये यूजर की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं, और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम हो, और बिजली का बिल कम आए।

ये एसी बहुत कम नॉईज के साथ काम करते हैं। एसर एसी में दिए गए कूलस्फेयर एयरफ्लो द्वारा 3डी कूलिंग डाईव की मदद से कमरे में सबसे अच्छा कूलिंग का वातावरण मिलता है, जो पूरा कम्फर्ट प्रदान करता है।ये एसी इनोवेशन और खूबसूरत डिजाईन का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हैं, जो स्लीक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। साथ ही, इसके वन डिजाईन में एक उपयोगी एलईडी डिस्प्ले भी दिया गया है, जो भारतीय बाजार में इस तरह के फीचर का पहला उदाहरण है।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा 2024 के चुनाव मद्देनजर लोगो और टैगलाइन का करें प्रयोग: शांतनु



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव के लिए भारत के चुनाव आयोग ने मल्टी मीडिया कैंपेन के लिए चुनाव का पर्व-देश का गर्व लोगो (प्रतीक चिन्ह) एवं टैगलाइन जारी किया है तथा आयोग ने आग्रह किया है कि इसे उपलब्ध सभी प्रिंट मीडिया, चैनल्स, सोशल मीडिया हैंडल, वाट्स एप ग्रुप और सभी विभागों की वेबसाइट पर प्रचारित व प्रसारित किया जाए। उन्होंने बताया कि लोगो का सफेद रंग के साथ डार्क इमेज बैकग्राउंड हो। इसके अलावा लोगो को टी-शर्ट, विभागों की प्रस्तुतीकरण तथा चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री तथा नोटिस बोर्ड पर प्रसारित किया जाए। टैग लाइन व लोगो को प्रिंट विज्ञापन, पोस्टरों, बैनरों, रेडियो स्पोट्र्स के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया जाए। संबंधित विभाग इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके।

### बाल श्रम रोकने के लिए सभी अधिकारी निगरानी रखें: उपायुक्त

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: उपायुक्त** डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने वीरवार को श्रम विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम रोकने के लिए सभी अधिकारी निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सभी की सहभागिता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी की थोड़ी बहुत सतर्कता बच्चों के बिगड़ते भविष्य को सुधार सकती है और ऐसे बच्चों के जीवन में उजाला ला सकती है जो किसी ना किसी कारणवश बाल श्रम के दलदल में फसे हुए हैं। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि इसके लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से बाल श्रम रोकने के लिए पेंसिल पोर्टल भी शुरू किया है। बाल श्रम एक कानूनी अपराध है। उन्होंने आमजन से आहद्दवान किया कि ऐसे बच्चे जो किसी दुकान या अन्य संस्थान में बाल श्रम के रूप में काम करते हों उनकी जानकारी श्रम विभाग के पेंसिल पोर्टल, पुलिस थाने पर और चाईल्ड टोल फ्री हैल्पलाईन 1098 पर सूचना दें और इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाएं। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी बाल श्रम के दलदल में ना धकेलें बल्कि उन्हें पढ?-लिखने के अच्छे अवसर प्रदान करते हुए देश का अच्छा नागरिक बनाएं।

### 169 व्यापारियों ने उठाया वन टाईम सैटलमेंट योजना का लाभ, 85.72 लाख रुपएं जमा करवाने पर मिली 8.84 करोड़ रुपये की छूट

**हिसार: सरकार** द्वारा जारी ओटीएस के तहत हिसार जिले के व्यापारियों द्वारा वन टाईम सैटलमेंट योजना के तहत अब तक उद्योगपतियों से 85.72 लाख रुपये जमा कराए गए हैं, जिस पर ओटीएस स्कीम की शर्तों के तहत व्यापारियों का 2.04 करोड़ रुपये ब्याज व 6.80 करोड़ रुपये पेनल्टी माफ की गई है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि वैट पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च तक योजना का लाभ उठा सकतें है। व्यापारियों व उद्योगपतियों के बकाया टैक्स से जुड़े मामले ओटीएस योजना के तहत निपटाये जा रहे है। योजना के अन्तर्गत जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों को निपटाये जा रहें है।

# हारने वाली पार्टियों के लिए ईवीएम हमेशा विलेन रहा है : अनिल विज

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता देकर लोगों को नया जीवन दिया ताकि उनके बच्चे आगे बढ़ सके, इसमें विपक्षियों को क्या तकलीफ है



: अनिल विज

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने के प्रश्न पर अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि क्या, कब, कैसे और क्यों हुआ, मुझे कुछ नहीं मालूम। उन्होंने इसके प्रश्चात गीत गुनगुनाते हुए कहा कि छोड़ों कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी, हम हिंदुस्तानी-हम हिंदुस्तानी।

विज अंबाला के सदर बाजार स्थित अपने टी-प्वाइंट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विपक्षी पार्टियों द्वारा ईवीएम पर सवाल खड़े करने के प्रश्न पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि हारने वाली पार्टियों के लिए ईवीएम हमेशा विलेन रहा है। जिन्होंने हारना है वह पहले ही इसका रोना रोते रहते है, विज ने कहा कि हम कोई ज्योतिष नहीं है लेकिन फिर भी इन्ही बातो से हमें पता चल जाता है कि इनकी कैसी दुर्गति होने वाली है।

**सीएए कानून है, किसी के चाहने या नहीं चाहने से कुछ नहीं होता**

देश में लागू हुए सीएए कानून पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह कानून है, किसी के चाहने या न चाहने से कुछ नहीं होता। विज ने कहा कि जब यह कानून बन गया है कि 2014 से पहले जितने भी विस्थापित पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आये हुए है और नॉन मुस्लिम है उनको सिटीजनशिप दी जाए, जो अब कानून बन गया।

वहीं, राहुल गांधी व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी अच्छी तरह सोच लें कि उन्हें क्या कहना है, हर बात पर एक बात कहना ठीक बात नहीं है। कांग्रेस की यह बहुत बड़ी भूल और बिना दिमाग के जो धर्म आधार पर देश का बंटवारा कराया जिसमें लाखों लोग बलि चढ़ गए। जो नहीं आ पाए और वहां रह गए और धार्मिकता के कारण जिनके साथ ज्यातियां हुई या मारे-काटे गए, यदि वह किसी तरह अब हिंदुस्तान में आ गए तो वह अपनी मातृभूमि में आए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उन्हें नागरिकता देकर उन्हें नया जीवन दिया है ताकि उनके बच्चे आगे बढ़ सके। इसमें किसी को क्या तकलीफ है, किसी का कुछ छीना नहीं जा रहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों का काम बोलना होता है, मगर वह तब बोले जब कुछ छीना जा रहा हो, हम तो कुछ दे ही रहे हैं इसमें विपक्षियों को क्या तकलीफ है।

वहीं, कांग्रेस ने एक ब्यान में कहा है कि उनकी सरकार आने पर महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देंगे, इस पर विज ने कांग्रेस से सवाल कर डाला कि यह बात कौन सी कांग्रेस ने कही है हुड्?डा कांग्रेस, सैलजा कांग्रेस या राहुल गांधी की कांग्रेस।

**तंज कसा**

8 अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि क्या, कब, कैसे और क्यों हुआ, मुझे कुछ नहीं मालूम

# विकसित राष्ट्र में युवा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं'



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** विकसित भारत @2047 के लिए विचार, विषय पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में गुरुवार को विचार संगोष्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान रहे। इस विचार संगोष्ठी में सभी शिक्षकों और शिक्षार्थियों ने मुक्त कंठ से भविष्य का भारत कैसा होना चाहिए, इस विषय पर अपने विचार साझा किए। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने श्रोतागणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को भारत और दुनिया के उत्थान के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में माना है। उनका मानना था, कि अगर युवाओं के भीतर छिपी शक्ति का उपयोग किया जाए और उसे महान आदर्शों की ओर निर्देशित किया जाए, तो समाज में गहरा परिवर्तन आ सकता है। वहीं युवा भारत को कैसा देखना चाहते हैं, यह उनके स्वयं के द्दष्टिकोण पर निर्भर करता है। इसलिए उनकी कल्पना और नीति के अनुसार कार्यक्रम बनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं के अंदर नौकरी-पेशा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिलता है, आर्थिक द्दष्टिकोण से उचित लगता है, मगर विकास के बहुत से पैमाने पर अभी भी काम करने की आवश्यकता है।

**प्रेरक शक्ति**

8 स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को भारत और दुनिया के उत्थान के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में माना ह

# '14 जून तक बढ़ी फ्री आधार कार्ड अपडेशन तिथि'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत,** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की समय सीमा आगामी 14 जून तक बढ़ा दी है। जिला के सभी लोग आठ से दस साल पहले बने अपने आधार कार्ड को निर्धारित दिन तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निःशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

डीसी ने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

# 'जनता की सेवा करने के लिए ही भाजपा सरकार में आया हूं, सेवा करता रहूंगा'



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** लाडवा के गांव ध्यांगला के श्री गुरू रविदास मंदिर में सरपंच राजपाल व ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।सरपंच राजपाल ने कहा कि पिछले कई वर्षो से जो संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं और जो उनके द्वारा समाजसेवा के कार्य करवाए जा रहे हैं वह किसी से भी छुपे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब वह भाजपा सरकार में रहकर और अधिक जनता के काम करवा सकेंगे, जिससे जनता को लाभ तो मिलेगा ही। इसके साथ-साथ जनता की समस्याएं भी दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में संदीप गर्ग आगे रहते हैं और हर सुख-दुख में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि वह जनता की सेवा करने के लिए ही सरकार में आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ काम ऐसे होते हैं, जो सरकार में रहकर ही हो सकते हैं, अब वह बीजेपी पार्टी में आ गए हैं और अब जनता की समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो जनता के हित के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उनको जनता की बीच पहुंचाने का काम किया जाएगा ताकि लोगों को उन योजनाओं का भी लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा से सासंद नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गए हैं।

**विकास कार्य**

8 उनके द्वारा समाजसेवा के कार्य करवाए जा रहे हैं वह किसी से भी छुपे हुए नहीं हैं

# 'अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रदान की जा रही अनेक ऋण योजनाएं'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम का उद्देश्य अनुसूचित जाति के सदस्यों को विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण सहायता उपलब्ध करवाकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाना है। ऋण सहायता से योजनाओं के तहत अनेक प्रकार के व्यवसाय कर सकते हैं।

डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतंद लोगों को इन ऋण सहायता योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं वित्त एंव विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक हो तथा उनका नाम बीपीएल सर्वेक्षण सूचि में अंकित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैकों के सहयोग से स्वरोजगार के लिए पशुपालन, हथकरघा, किरयाणा की दुकान, कपड़े की दुकान, ऑटो रिक्शा/साइकिल मुरम्मत की दुकान, बैंड पार्टी, आटा चक्की, दरी बनाना, चमड़ा और चमड़े के कार्य, फोटोग्राफी तथा ओटो रिक्शा इत्यादि के कार्य शुरू करने के लिए 1.50 लाख रुपये तक के ऋण सब्सिडी के साथ दिलवाया जाता है। इसी प्रकार से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के वित्तिय सहयोग से राज्य के सफाई कर्मियों तथा उनके आश्रित जो किसी प्रकार के सैनीटेशन यानि सफाई कार्य में लगे हुए हैं उनको ऋण मुहैया करवाया जाता है। इसी प्रकार से बैंडबाजा, फोटोग्राफी, ब्यूटीपार्लर, बुटिक, दवाईयों की दुकान, स्टेशनरी/किताबों की दुकान, फर्नीचर अथवा ईमारती लकड़ी का कार्य, मुर्गी पालन, आटा चक्की, कम्प्यूटर का कार्य, फोटोस्टेट-कम-एसटीडी और ओटो रिपेयर के लिए दो लाख रूपए तक का ऋण मुहैया करवाया जाता है। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में भैंस पालन, सूअर पालन व भेड़ पालन के लिए भी ऋण मुहैया करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए जैसे मोटर साइकिल के पुर्जे बनाना, आटा चक्की, माचिस बनाना, चमड़ा व चमड़े के कार्य, लेद्दर कार्य, लकड़ी का काम-आरा मशीन, साबुन बनाना, मोमबती बनाना, टायर रिंट्रडिंग, दरी बनाना, पॉलीथीन व कागज आदि के कार्य करने के लिए भी ऋण सहायता मुहैया करवाया जाता है।

**योजना**

8 विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण सहायता उपलब्ध करवाकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाना है

# स्वीटी ने सुरजेवाला के मार्गदर्शन में डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने हल्का शाहाबाद के गांव किशनगढ़, त्योडा,त्योडी में जनसंपर्क अभियान किया । स्वीटी रंगा नलवी ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र लोकसभा के उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की।स्‍ वीटी रंगा नलवी ने कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतेंगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश और प्रदेश में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ,महिलाओं सहित हर वर्ग का भविष्य सुधारने का काम करेगी। देश से बेरोजगारी खत्म होगी। चिकित्सा और शिक्षा में सुधार होगा। इस अवसर पर उनके साथ उषा, बिमला, रजनी, पूनम ,अमनदीप कौर करमजीत कौर कुसम, वन्दना महेंद्र , राहुल, उपस्थित रहे।

### दु:ख भंजन दरबार का होली महोत्सव 16 व 17 को: आन्नद प्रकाश

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** ऊं गुरू शरणम परिवार द्वारा वार्षिक होली महोत्सव का आयोजन 16 व 17 मार्च को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संत आन्नद प्रकाश जी महाराज ने बताया कि होली महोत्सव का आयोजन तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दु:ख भंजन दरबार में होगा। जिसके तहत 16 मार्च को बाद दोपहर 4 बजे पालकी विराजमान महाकाली शोभायात्रा निकाली जाएगी। पालकी शोभायात्रा दु:ख भंजन दरबार कोहण्ड से चलकर सांय 7 बजे पानीपत दरबार में पहुंचेगी। यहां डांडिया नृत्य व श्री महाकाली जी का भव्य स्वागत तथा भंड़ारे का आयोजन किया जाएगा। आन्नद प्रकाश जी महाराज ने बताया कि 17 मार्च को प्रात 10 ध्वजारोहण,10:3 बजे ज्योत प्रज्जवलन,10:45 पर पालकी दर्शन,11 बजे शोभायात्रा शुभारंभ होगा।

# गुरु रविदास धाम का मुख्यमंत्री 15 को करेंगे भूमि पूजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उमरी चौक पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज को समर्पित गुरु रविदास स्मारक-धाम का निर्माण कराया जा रहा है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ मे बनने वाले गुरु रविदास धाम स्मारक का भूमि पूजन नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 मार्च को करेंगे। उनके साथ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार स्थानीय विधायक सुभाष सुधा भी इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद रहेंगे। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रधान संगठन महामंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय



अनुसूचित जाति मोर्चे के उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गुरु रविदास धाम का निर्माण कार्य शुरू करना रविदासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा है कि आध्यत्मिक - धार्मिक विश्व प्रसिद्ध नगरी-कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ में श्री गुरु रविदास मंदिर धाम के बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पिछले सप्ताह हरियाणा विधानसभा सत्र में कर दी थी। कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 647 वे जन्मोत्सव पर यह गुरु रविदास स्मारक-धाम समाज को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सरकार का सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का धेय सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है कटारिया ने बताया कि सरकार धर्मनगरी में श्री गुरु रविदास मंदिर धाम बनाने की कार्य से समाज में भारी उत्साह है!

**आभार**

8 रविदासी समाज के लिए ऐतिहासिक पहल पर सूरजभान कटारिया ने जताया आभार

# दयाल बाग में दादी हृदयमोहिनी को दी विनम्र श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

8 जीवन में सुख और शांति लाने का तरीका बताने वाली दादी संस्था में कई विभाग को हेड करती थीं





**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी उर्फ दादी गुलजार को उनके तृतीय स्मृति दिवस पर ब्रह्मकुमारी आश्रम, 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट में सभी ब्रह्मावत्सो की तरफ से भावभिनी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। राजयोगिनी बीके आशा दीदी जी ने बताया जिनके जीवन में लेकिन शब्द की कोई जगह नहीं थी, जिन्होंने सदा मुस्कुराकर सिर्फ विश्व की सभी आत्माओं के कल्याण के बारे में सोचा, ऐसी दादी जी के नक्शे कदम पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि देना होगा। दादी गुलजार ने छोटी सी उम्र में ही खुद को परमात्मा के हवाले कर दिया था। दादी गुलजार ने अपने नाम को पूरा सार्थक किया है, वे जहां भी जाती थीं वहां गुल खिलते थे। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, सेमिनार में लाखों लोगों को जीवन में सुख और शांति लाने का तरीका बताने वाली दादी संस्था में कई विभाग को हेड करती थीं।

जिंदगी को सहज और रूहानी तरीके से जीने का फलसफा देने वाली, चेहरे पर सदा मीठी मुस्कान और आंखों में परमात्मा के प्यार की चमक रखने वाली थी दादी हृदय मोहिनी जी।

9 साल की उम्र में आध्यात्मिकता को अपने जीवन में उतारना और परमात्मा को पहचानने की अनुभूति करना, ये आसान नहीं था। दादी गुलजार ने छोटी सी उम्र में ही खुद को परमात्मा के हवाले कर दिया था और उसके बाद से चल पड़ा विश्व कल्याण का सिलसिला।

इस अवसर पर राजयोगिनी बीके सुमन बहन ने कविता की प्रस्तुति दी और बीके सुनील, बीके आरती, बीके रणसिंह, बीके अग्रवाल ने गीत के द्वारा दादी जी को श्रद्धांजलि दी।

# विद्यार्थियों द्वारा गाँव के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली

**भागीदारी**

8 मतदाताओं को अपनी वोट का प्रयोग करने की जानकारी दी गई और 100% भागीदारी देने को कहा गया



**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आट्टा में मतदाता जागरुक रैली निकाली गई जिसमे मतदाताओं को अपनी वोट का प्रयोग करने की जानकारी दी गई और 100% भागीदारी देने को कहा गया । विद्यालय में विद्यार्थियों का पटींग और स्लोगन प्रतियोगीता करवाई गयी। इस प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में भी मतदान के विषय में बताया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा, सूबेसिंह, विनोद भूमिका , आरती, आशा और अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# मेयर निखिल मदान ने विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

## जगदीशपुर गाँव में 96 लाख रु की लागत से होगा पार्क का नवनिर्मा[illegible]जाटजोशी और राठधना गाँव में 22 लाख रु की लागत से होगी चौपालों की मरम्मत



**विकासात्मक**

**8 निगम क्षेत्र के वार्ड 9 में 1 करोड़ 28 लाख रु की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने वीरवार को निगम क्षेत्र के वार्ड 9 में 1 करोड़ 28 लाख रु की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मेयर निखिल मदान और सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि वार्ड 9 के जगदीशपुर गाँव में लगभग 96 लाख रु की लागत से एक पार्क का नवनिर्माण किया जायेगा। जिसमे पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ साथ वाकिंग ट्रैक बनाया जायेगा।साथ ही विभिन्न तरह के झूले एवं ओपन जिम भी लगाया जायेगा। पार्क के पूरे क्षेत्र को समतल कर फुटपाथ पर चेकर्ड टाइल्स लगायी जाएगी। पेड पौधे लगाकर पूरे पार्क का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाएं जायेंगे और शेड बनाया जायेगा। मेयर ने बताया कि आज इस कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारम्भ किया है जो जल्द ही पूरा होगा।

सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि जगदीशपुर गाँव में पार्क बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीण उनसे मिले थे ,जिसके बाद उन्होंने इस प्रस्ताव को हाउस की बैठक और फाइनेंस कमेटी से पारित करवाया था। अब पार्क के निर्माण से लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और लोगों को सहूलियत मिलेगी। इसके उपरांत मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर ने राठधना और जाट जोशी गाँव में चौपालों की मरम्मत होने के कार्यों का शुभारम्भ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया की लगभग 22 लाख रु की लागत से दोनों गावों में चौपालों की मरम्मत और रंग रोगन किया जायेगा।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,अत्तर सिंह सरोहा, रमेश, राजिंदर, सुन्दर सिंह, नारायण,राजेश,कृष्ण,परवीन,रणसिंह, दीपक,

रामकुमार, सुरिंदर सिंह,म- ाहताब, कुलदीप, नवीन,मनोज,महेन्दर,साहिब सिंह, सुल्तान, बिन्नी भारद्वाज, संगीता, आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

## प्रोपट्री डीलर कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं

**ध्वस्त**

**8 अवैध निर्माण, पानी की सप्लाई लाईन को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया**



**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांव बिहटा, सब तहसील साहा व जिला अम्बाला में लगभग 2.5 एकड़ भूमि (खसरा न0 1731, 1736, 1745/2, 1746/2) पर अवैध रूप से काटी गई कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई जिसमें बने मिट्टी की सडकों के जाल, अवैध निर्माण, पानी की सप्लाई लाईन को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, डयूटी मैजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, योजना सहायक सुरेन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता गुरजिन्द्र सिंह, कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक सुमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे तथा तोड-फोड के दौरान आमजन को अवगत करवाया गया कि उपरोक्त किला खसरा न0 में प्रोप्रट्री डिलरों द्वारा अवैध कालोनी काटने हेतू कच्ची सडकों का निर्माण किया गया था। जिसे विभाग द्वारा तोड़ा जा रहा है। इसलिए उपरोक्त भूमि के खसरा न0 अच्छी तरह नोट कर लें कि इसमें किसी प्रकार की खरीद-फिरोखत न करें। क्योंकि प्रोपट्री डीलर कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं जिनसे पूरी तहर सचेत रहने की आवश्यकता है। अतः सभी को सूचित किया जाता है इस प्रकार के किसी भी झांसे में ना आए तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करें। ऐसी अवैध कलोनियों/अवैध निर्माण के खिलाफ और विभाग द्वारा और ज्यादा सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी। अवैध कालोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों/भू-माफीया के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज करवाएं जाएगें।

**न्यूज फ्लैश**

## 14 जून 2024 तक बढ़ी फ्री आधार कार्ड अपडेशन की तिथि-उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की समय सीमा आगामी 14 जून 2024 तक बढ़ा दी गई है। जिला के सभी लोग आठ से दस साल पहले बने अपने आधार कार्ड को निर्धारित दिन तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिलावासियों से इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार अपडेट कराना जरूरी है।

## घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान जारी



**पानीपत: कांग्रेस** नेताओं द्वारा पानीपत ग्रामीण की कालोनीयों में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान लगातार जारी। चाणक्य पंडित व महीपाल सूबेदार ने पानीपत ग्रामीण की कॉलोनी कॉलोनीयों में अभियान के तहत काबड़ी रोड़ स्थित भारत नगर,, न्यू रामपुरा,,कच्ची फाटक स्थित हरी नगर ,सेक्टर 6 वाली फाटक स्थित सिद्धार्थ नगर, करीब आधा दर्जन कालोनियों का दौरा किया।

चाणक्य पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि इस सरकार की गलत नीतियों के कारण लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है आए दिन लोगों को परेशान करने वाले नए-नए कानून ठोकने का काम किया जा रहा है। हर वर्ग परेशान है चाहे कर्मचारी हो चाहे किसान हो मजदूर हो छोटा दुकानदार हो रेहड़ी वाला चाहे रिक्शेवाला हर तरफ लोग में हाहाकार मचा हुआ है, लोग आंदोलन करते हैं अपने मांगों को लेकर के ऊपर लाठियां बरसाई जाती हैं कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर के परेशान हैं। किसान अपनी फसल का सही मूल्य ना मिलने पर परेशान है पिछले समय मैं भी किसान लंबे समय धरना देने के बावजूद भी इनकी सुनवाई नहीं हुई। फिर किसान सड़कों पर है कांग्रेस सरकार आने पर हर वर्ग का भला करने का काम किया जाएगा।

महीपाल सूबेदार ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा सरकार का कॉलोनी की ओर कोई ध्यान नहीं है कॉलोनीयों के अंदर लोग समस्याओं से परेशान हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं है चाहे राशन कार्ड की बात हो चाहे प्रॉपर्टी आईडी की बात हो चाहे फैमिली आईडी की बात हो हर कॉलोनी वासी किसी ने किसी समस्या से ग्रेसत है मैं चेतन चाहता हूं मौजूदा विधायक को सांसद को वोट लेने के लिए तो आप उनके बीच में आते हैं लेकिन समस्याएं सुनने के लिए और उनकी तकलीफें दूर करने के लिए कोई बाहर का व्यक्ति नहीं आएगा फिर आपने के बीच में वोट लेने के लिए आना है इसलिए वक्त रहते उनकी सुनो इनकी समस्याओं का समाधान हो। नहीं तो लोग आपको चुनाव के समय कॉलोनीयों मे घुसना मुश्किल कर देंगे। इस मौके पर चंद्र श्याम शर्मा ,मास्टर ईश्वर, राजवीर गलियां नरेश मलिक बलजीत सैनी, शमशेर वाल्मीकि , सुरेंद्र पांचाल, आनंद वर्मा, सुखबीर, बिरखा मान, सुरेश पांचाल,ईश्वर मोर,रामकुमार कोरी, अंकित गर्ग ,विशंभर गुर्जर, सूबेदार जीत प्रजापत, कासिम खान , सुधीर शर्मा, अजीत हुड्डा ,करण शर्मा ,सचिन शर्मा, सुमित पूनिया, सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# किंगफिशर में डॉक्टरों की कार्यशाला आयोजित



**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सांप काटने की स्थिति में मरीज के बचाव बारे जो चिकित्सा सुविधा अपनाई जानी है व इस दौरान घरेलू नुस्कों का प्रयोग न करने बारे जागरूकता होने बारे स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण विषय के तहत किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, डिप्टी सिविल सर्जन डा. संजीव सिंगला, डा. संजीव गोयल, नोडल ऑफिसर डा. हितार्थ, डा. सुखप्रीत, डा. विपिन भंडारी विशेष तौर पर मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा.राकेश सहल ने कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित डाक्टरों व अन्य को अपने सम्बोधन में कहा कि सांप काटने की स्थिति में आम जन मानस में यह जागरूकता लाई जानी बेहद आवश्यक है कि इस दौरान घरेलू नुस्कों व झाड-फूक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इससे सम्बन्धित व्यक्ति की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में हमें अपने नजदीकी सीएचसी, पीएचसी व नागरिक अस्पताल में मरीज को ले जाना चाहिए और इससे बचाव बारे जो भी ईलाज है, उसे करवाना चाहिए ताकि मरीज को बचाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्नेक बाईट प्रीवेशन प्रोग्राम के तहत लोगों को जागरूक करने का काम किया जाता है।

इस मौके पर एमडी मैडिशन डा0 संजीव गोयल व डा0 पीयूष जैन ने सांप काटने की स्थिाति में जो चिकित्सा सुविधा एवं ईलाज किया जाना होता है उस बारे प्रैजटेंशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कार्यशाला में उपस्थित डाक्टरों को कहा कि इस स्थिति में चिकित्सा क्षेत्र के तहत जो भी बेहतर ईलाज होता है, उसे करना चाहिए। आज कार्यशाला के दौरान उन्होने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं रोहतक से इस विषय को लेकर प्रशिक्षण हासिल किया है। आज कार्यशाला के दौरान जो आवश्यक हिदायतें एवं ईलाज संबधी जानकारी दी गई है, सम्बन्धित डाक्टर अपने अधीनस्थ स्टाफ को इस बारे अवगत करवाएं।

# पूर्व विधायक ने खेती के कार्यों में दुर्घटना होने पर सौंपे आर्थिक सहायता के चेक

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पूर्व विधायक डा. पवन सैनी द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री किसान खेतिहर जीवन सुरक्षा योजना-2013 के तहत खेतों में काम करते समय दुर्घटना का शिकार हुए लोगों को आर्थिक सहायता के चेक वितरण किए। इस चेक वितरण कार्यक्रम में मार्केट कमेटी लाडवा की तरफ से कृषि कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर नरेंद्र कौर पत्नी देवी दयाल निवासी बड़ाचपुर को बाएं हाथ की पूरी उंगली चारा काटने की मशीन में कटने पर 75 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इसके साथ-साथ पूर्व विधायक ने तन्नू पुत्री करनैल निवासी बड़ौंदी का दायां बाजू चारा काटने की मशीन में कटने पर 1 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

इस मौके पर हरियाणा पशुधन एवं डेयरी विकास निगम के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन मेघराज सैनी, लाडवा महामंत्री अरुण सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमबीर लालर, मार्किट कमेटी सचिव संत कुमार, राजू खुराना आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का दिया निमंत्रण



**कमाल हुसैन**
**पानीपत:** ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी विजय जैन ने आज हल्के की कुलदीप नगर वार्ड नंबर 24 में 24 मार्च दिन रविवार को सेक्टर 13-17 में नवनियुक्त कार्यालय एवं होली मिलन समारोह का लोगों को आने का निमंत्रण दिया। नव नियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व करनाल लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को टिकट दिए जाने की खुशी में लड्डू बांट करके बधाई दी। इस अवसर पर जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की की राह पर अग्रसर है। इस अवसर पर राजेश ठेकेदार ने कहा है कि हल्के की जनता से अपील है कि 24 मार्च दिन रविवार को 11:00 नव नियुक्त कार्यालय के उद्घाटन पर आवश्यक पहुंचे इस अवसर पर वजीर सिंह,प्रकाश योगी,रामपाल सेन, रामनिवास जोगी, मुकेश सैनी, जोगिंद्र,रणधीर जाट, भगवान जोगी, कृष्ण जोगी, जय सिंह सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रचार सामग्री पर होनी चाहिए प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर की जानकारी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रचार प्रसार के लिए छपने वाली सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर की पूरी जानकारी होनी जरूरी है। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव के दौरान प्रिंटिंग से संबंधित सभी प्रकार के नियमों का जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए में उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए में स्पष्ट तौर पर चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रेस संचालकों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी गई है। नियमों के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रेस संचालक बिना शपथ पत्र के चुनाव के संबंधित प्रचार सामग्री नहीं छाप सकता है। इसके लिए उसे संबंधित उम्मीदवार से एक शपथ पत्र लेना है, जिस पर प्रचार सामग्री छपवाने वाले के हस्ताक्षर होंगे। साथ ही दो गवाहों के भी हस्ताक्षर भी पत्र पर होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामग्री प्रिंट होने के बाद प्रेस के मालिक को शपथ पत्र की प्रति और छापी गई प्रचार सामग्री की प्रतियां जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजनी होंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों और जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के नियमों के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री पर छपवाने व छापने वाले का नाम आदि जानकारी भी प्रकाशित होना जरूरी है। जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की इन हिदायतों की कड़ाई से पालना करें। इन नियमों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानों के आगे कूड़ा फेंका तो कटेगा चालान: रेनू भाटिया

**फरीदाबाद:** हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा नगर निगम फरीदाबाद के सहयोग से गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरूआत एनआईटी एक की मार्किट से की गई। इस अवसर पर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, एनआईटी मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने स्वयं झाड़ू लगाकर नागरिकों को सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना का आह्वान किया। यह अभियान एनआईटी 1-2 चौक से एनआईटी एक की मार्किट में मिलाप दवाखाना से होते हुए सिंह सभा गुरुद्वारा से सनातन धर्म हनुमान मंदिर से कल्याण सिंह चौक पर जाकर समाप्त हुआ।

# 'सरकार की जनहितकारी योजना ने जरूरतमंद बच्चों को दिया नया जीवनदान'



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बच्चे** के दिल में छेद हो और आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ न हो तो स्थिति भयावह नजर आती है। ऐसे में सरकार की जनहितकारी योजना जरूरतमंदों के लिए वरदान बनकर सामने आती है। इसका सीधा उदाहरण पानीपत के बच्चों के रूप में देखने को मिला है। सिविल अस्तपाल पानीपत के प्रयासों से ऐसे बारह बच्चों के सफल ऑपरेशन करवाये गये, जिनके दिलों में छेद था। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने इसके लिए अस्तपाल प्रशासन को बधाई देते हुए योजना के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया, ताकि अन्य जरूरतमंद परिवार भी लाभ उठा सके। जिला परिषद के सभागार में वंचित वर्गों के लिए प्रधानमंत्री का आउटरिच कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के रूप में निदेशक शशि कुमार व सहायक निदेशक दीपशिखा यादव विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया। इसी दौरान सिविल अस्पताल पानीपत की ओर से डा. शिवचरण के नेतृत्व में बारह बच्चों को लाया गया, जिनके दिलों में छेद था। इन बच्चों के सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सरकारी खर्च पर सफल ऑपरेशन करवाये गये। इन बच्चों में रमन, प्रिया, मोनिका, सन्नी, विराज, कार्तिक, वैष्णवी, शिवानी, वंदना, संतुष्टि तथा अशू और मोनी शामिल रहे। डा. शिवचरण ने बताया कि एक बच्चे के दिल के छेद के ऑपरेशन पर करीब बारह लाख रुपये का खर्च हुआ। ऑपरेशन सफल हुए, जिसके बाद बच्चे अब स्वस्थ हैं। इनमें विभिन्न आयुवर्गों के बच्चे शामिल हैं।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि सिविल अस्पताल पानीपत इन प्रयासों के लिए बधाई का पात्र है। हर पात्र व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। इसके लिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार जरूरी है।

# संगीत विद्या भारती की रीढ एवं पांच आधारभूत विषयों में प्रमुखः सुभाष

**क्रियान्वयन**

**8 सूक्ष्मताओं पर ध्यान देते हुए विद्यालय में संगीत विषय का क्रियान्वयन किस तरह से करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र: विद्या** भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर -3 में आज तीन दिवसीय आचार्य संगीत कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में लगभग नौ सत्र रहे। जिसमें आचार्यों ने संगीत की विभिन्न विधाओं के बारे में सीखा एवं सूक्ष्मताओं पर ध्यान देते हुए विद्यालय में संगीत विषय का क्रियान्वयन किस तरह से करना है के बारे में जाना। समापन सत्र में विद्या भारती हरियाणा के प्रशिक्षक एवं सेवा भारती प्रमुख श्री सुभाष जी ने बताया कि संगीत विषय विद्या भारती की रीढ़ एवं पांच आधारभूत विषयों में प्रमुख है ।संगीत वह कला है जो प्राणी के हृदय के अंतर्तम तारों को झंकृत कर देती है। संगीत भाषा कौशल को बेहतर बनाने का एक तरीका है। विद्यालय में वंदना सभा का आयोजन भव्य एवं संस्कारमय हो शिक्षा का काम

# 25000 श्याम भक्त श्याम यात्रा पर चलेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: 25000** श्याम प्रेमी सुगमता से दर्शन करेंगे यह घोषणा वृंदावन ट्रस्ट रजिस्टर्ड पानीपत में प्रेस कॉन्फ्रेंस में की राष्ट्रीय राजमार्ग 25000 पैदल यात्रियों से लबालब होगा आस्था विश्वास कि यह यात्रा पैदल समर्पित होकर की जाएगी। वृंदावन ट्रस्ट द्वारा आज यह घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई पानीपत नगर के 25000 श्याम भक्त एक विशाल झंडा के तले श्याम यात्रा पर चलेंगे वृंदावन ट्रस्ट के संरक्षक विकास गोयल व अध्यक्ष राकेश बंसल ने कहा की बाबा के चरणों में दो नारियल सभी भक्तों का हाथ लगवा कर निकटवर्ती चढ़ाई जाएंगे। अवल की एक माला आंवला एकादशी से पूर्व चढ़ाई जाएगी बाबा के लिए सुगंधित उत्तर पुरानी दिल्ली से मंगाया गया है बाबा का विशाल ध्वज राजस्थान से मंगवाया गया है श्याम बाबा के श्रृंगार श्याम बाबा का श्रृंगार कोलकाता के फूलों से किया जाएगा। यह सेवा वृंदावन ट्रस्ट को मिली है महाराज गीता मनीष गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज व सांसद संजय भाटिया भूमि पूजन करेंगे और नीम खुदाई का कार्य प्रारंभ करेंगे। श्री श्याम प्रचार प्रसार सेवा समिति और वृंदावन ट्रस्ट रजिस्टर्ड पानीपत सामूहिक रूप से यात्रियों की वापसी के लिए इंतजाम करेंगे। हरियाणा रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक जांगड़ा , बैक टू बैक बस का इंतजाम किया है जो अंबेडकर चौक से यात्रियों को पानीपत तक लेकर आएगी।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने निपुण हरियाणा मिशन की समीक्षा की



**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** निपुण हरियाणा मिशन के तहत अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने अपने कार्यालय में डिस्ट्रिक स्टरिग कमेंटी की बैठक लेते हुए संबधित विभाग के अधिकारियों से निपुण हरियाणा मिशन की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। इसके साथ-साथ उन्होने बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक गुणवत्ता में सुधार एवं बेहतर व्यवस्था बनाने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बधित को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निपुण हरियाणा मिषन के तहत जो भी बच्चें इसके अन्तर्गत आते हैं, उनके बैठने की अच्छी व्यवस्था के साथ-साथ साफ सफाई का विषेष ध्यान रखा जाए। इसी के साथ आउट ऑफ स्कूल चिलडर्न, कदम सेंटर व ब्रिज कोर्स की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि जो आउट ऑफ स्कूल बच्चे हैं उन्हे बाल वाटिका में दाखिल करवाएं ताकि ज्यादा से बच्चो को इसका लाभ मिल सकें और जिससे की कोई भी बच्चा अशिक्षित ना रहें।

बैठक के दौरान फाउंडेशन से आए पदाधिकारी ने अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि क्लासरूम को स्मार्टरूम में बदलने की पहल को लेकर सम्पर्क फांउडेशन की तरफ से अंबाला जिलें के 58 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट टी वी के साथ साथ सम्पर्क टी वी डिवाईस व शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई गई है और यह कार्य सम्पर्क फाउडेशन दवारा उपलब्ध करवाया गया है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने फाउंडेशन द्वारा स्मार्ट टी वी व सम्पर्क टी वी डिवाईस जो उपलपब्ध करवाया गया था उसे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को सुपुर्द किया गया ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ दिलवाया जा सके। इस कार्य के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्पर्क फाउडेषन की इस पहल की सराहना की और प्रशंसा पत्र देते हुए सम्पर्क फांउडेशन के फाउंडर विनित नायर का धन्यवाद किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला मौलिक षिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा, उप सिविल सर्जन डा0 संजीव सिंगला, डिप्टी डीईओ रेणू अग्रवाल, जिला बाल विकास अधिकारी शिवानी सूद, डब्लयूसीडीपीओ सुमन, जिला एफएलएन कोर्डिनेटर मनोज कुमार, डाईट से नरेन्द्र कुमार, एलएलएफ प्रतिनिधि बलराम यादव, सम्पर्क फाउंडेशन से स्टेट हैड दुर्गा प्रसाद यादव, सतिन्द्र सिंह, जागृति, पूनम सिंघानिया, सत्यदेव मौजूद रहे।

# नरेला: दशहरा ग्राउंड में होने वाले नव वर्ष कार्यक्रम का कैलेंडर और पत्रक जारी

## प्रभु प्रेमी संघ व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रभु प्रेमी संघ व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन कर आगामी 9 से 17 अप्रैल तक नरेला के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नव वर्ष महोत्सव से संबंधित पत्रक व कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। प्रेस वार्ता में प्रभु प्रेमी संघ व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति के पदाधिकारी, कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में कार्यकारिणी व आयोजन समिति के सदस्य मनोज बंसल ने नववर्ष महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि नरेला के दशहरा मैदान में आगामी 9 से 17 अप्रैल तक प्रभु प्रेमी संघ व भारतीय संस्कृति प्रचार समिति द्वारा नव वर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत 7 अप्रैल को विशाल भगवा ध्वज यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 9 से 15 अप्रैल तक महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के मुखारविंद से दिव्य राम कथा का आयोजन होगा। राम कथा दौरान रोजाना प्रात सर्व देविय 108 कुंडीय यज्ञ का आयोजन विश्व विख्यात गाडगिल बंधुओ के सानिध्य में होगा। 16 अप्रैल को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व 17 अप्रैल को प्रातः विशाल कन्या पूजन का आयोजन व शाम को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 17 अप्रैल को ही करीब 20 हजार परिवारों के लिए सहभोज का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वार्ता पश्चात संजय गुप्ता, ईश्वर सैनी, राजेंद्र सिंघल, विष्णु भारद्वाज, मनोज बंसल, कृष्णा घी वाले द्वारा संयुक्त रूप से नववर्ष महोत्सव से संबंधित प्रचार सामग्री, पत्रक व कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। प्रेस वार्ता में प्रभु प्रेमी संघ उत्तरी दिल्ली अध्यक्ष संजय गुप्ता भारतीय संस्कृति प्रचार समिति अध्यक्ष ईश्वर सैनी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज बंसल, पंकज वर्षिनी, अनुरोध, अनिरुद्ध त्यागी, तरुण बंसल, नरेश गर्ग, पवन गोयल, पंकज गुप्ता, राजेंद्र सिंघल, विष्णु भारद्वाज कृष्ण घी वाले, सुनील खत्री, संदीप, नितिन, राकेश, जयदीप, उत्तम, निपुण गुप्ता, धीरज सहित पत्रकार व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भारी मतों से विजयी होंगे योगेन्द्र चंदोलिया: यादव

## भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व का किया धन्यवाद



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से योगेन्द्र चंदोलिया को भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि योगेन्द्र चंदोलिया भारी मतों से इस सीट पर विजयी होगें।

**भाजपा का लहरायेगा परचम:** भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा, क्योंकि जनता भाजपा के साथ है। हम जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों की काफी सराहना कर रही है।

**शीर्ष नेतृत्व का किया धन्यवाद:** भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि योगेंद्र चंदोलिया जो कि पूर्व महापौर एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा महामंत्री है। उनको उत्तर-पश्चिम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाने पर मैं भाजपा शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

**भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया:** धर्मवीर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और इस बार फिर देश में भाजपा की सरकार बनेगी।

# विधायक व पार्षद ने किया कई विकास कार्यों का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आप नेता** सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 (जहांगीर पुरी) के भलस्वा डेरी में कई विकास कार्यों का शुभारंभ व उद्घाटन किया गया। उन्होंने आगे बताया कि रामलीला पार्क दुर्गा चौक के विकास कार्य का उद्घाटन किया गया और विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा भलस्वा डेरी की कई गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया कि जहां एक ओर पार्कों में बेंच लगाने के कार्यों का उद्घाटन किया गया, वहीं भलस्वा डेरी में पुलिया का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विधायक अजेश यादव, निगम पार्षद टिम्सी शर्मा, आप नेता सुरेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष लख्मी पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विधायक व पार्षद के कार्यों की सराहना की और उनका स्वागत भी किया।

# देश में फिर लहरायेगा भाजपा का परचम: राजकुमार चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शालीमार बाग** क्षेत्र के भाजपा नेता राजकुमार चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार फिर देश में भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि जनता भाजपा के साथ है, हम जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। भाजपा नेता श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की कर रहे है। देश में भाजपा सरकार ने जहां एक और शहरों में सुधार किया है, वही भाजपा राज में गांव की भी तस्वीर बदली है। इसलिए देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

# सराय पीपल थला: मंडी गेट के सामने जीटी करनाल रोड़ पर गंदा पानी भरने से लोग परेशान: पुनीत मंडल





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में कई जगहों पर सीवरओवर फ्लो होने की वजह से गंदे पानी का जमाव रोड़ो पर हो जाता है, जिस कारण से वहां से गुजरने वाले राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों सराय पीपल थला, मंडी गेट के सामने देखने को मिल रहा है। जहां पर नाली का गंदा पानी रोड़ पर भरा पड़ा हुआ है। जिसके चलते वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश सचिव व आजादपुर मंडी के अध्यक्ष पुनीत मंडल ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही की वजह से अक्सर लोगों को परेशान होना पड़ता है, आज सराय पीपल थला, मंडी गेट के सामने वाले रोड़ पर नाली का गंदा पानी भरे होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**समस्या का हो समाधान:** श्री मंडल ने संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए, जिससे की यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान न होना पड़े।

# भाजपा 400 के पार नहीं, जाएगी सत्ता के बाहर: विनोद वधवा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणाएं की जा चुकी है और सभी राजनैतिक दल एक दूसरे के उपर रस्सा-कशी करने पर आतुर है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन पार्ट-तीन में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद वधवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है और कांग्रेस का लक्ष्य इसे सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है।

**400 पार नहीं सत्ता से बाहर जाएगी भाजपा:** विनोद वधवा ने कहा कि भाजपा अभी भी भ्रमित है कि उनको 400 के पार सीट मिलेगी, लेकिन इस बार जनता से भाजपा को मुहं की खानी पड़ेगी और सत्ता से बाहर का रास्ता देखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र सरकार ने रेलवे, हवाई अड्डों, ऊर्जा वितरण प्रणाली और सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों को बेच दिया।

# चित्रा विद्यार्थी ने विकास कार्यों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जहां एक ओर जायजा लिया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने क्षेत्र के कई पार्कों का दौरा भी किया और जो वहां पर कमियां नजर आई उनको पूरा करने का अधिकारियों को आदेश भी दिया।

इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रही हूं, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिले और वार्ड के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से यह भी अपील की है कि आप अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूडा उठाने वाली गाडी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने यह भी कहा कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# योगेन्द्र और हर्ष मल्होत्रा को टिकट मिलने से कार्यकर्ता गदगद





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पहले ही सात में से पांच लोकसभा सीटो पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी थी, और इसी कड़ी में भाजपा की ओर से दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी गई है। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतारा है, तो वहीं उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से योगेंद्र चंदोलिया को खड़ा किया है। इन दोनों उम्मीदवार को टिकट मिलने से अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि पूर्व में दोनों ही महापौर रह चुके है और दोनों को ही राजनीति की परख भी है और जनता की नस टटोलना भी भली भांति जानते है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा स्थित गुजरांवाला टाउन में रहने वाले पूर्व निगम पार्षद व भाजपा नेता राज खुराना ने योगेंद्र चंदोलिया और हर्ष मल्होत्रा को बधाई देते हुए कहा कि दोनों उम्मीदवार पूर्व में महापौर भी रह चुके है और लंबे अर्से से पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भी काम कर रहें है, जिनके तर्जुबे का फायदा पार्टी को जरूर मिलेगा। इस बार भी दिल्ली की सातों सीटों पर फिर से कमल खिलेगा। तो वहीं मॉडल टाउन विधानसभा स्थित राणा प्रताप बाग से पूर्व निगम प्रत्याशी हरीश असड़ी ने दोनों उम्मीदवारों को टिकट मिलने पर शुभकामनाएं दी। हरीश असड़ी ने कहा कि योगेंद्र चंदोलिया और हर्ष मल्होत्रा दोनों ही काफी मेहनती, कर्मठ और जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक चंदोलिया महापौर रहें थे तब तक अपने कार्यालय में बैठकर नहीं बल्कि लोगों के बीच रहकर काम किया करते थे और आज भी जनता के बीच में रहते है।

# मॉडल टाउन में श्री कृष्ण मंदिर कमेटी ने सजाया खाटू श्याम का दरबार









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन पार्ट-तीन स्थित श्री कृष्ण मंदिर कमेटी द्वारा खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें सैंकड़ों की तादात में श्याम बाबा के भक्त भक्ति रंग में सराबोर दिखाई पड़े और मंदिर का पांडाल भी श्रद्वालुओं से खचाखच भरा हुआ दिखाई दिया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित रजनीश जोशी के सनिध्य में किया गया। सर्वप्रथम पूजनीय गणेश जी महाराज की चरण वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**भंडारे का भी हुआ आयोजन:** इस दौरान कार्यक्रम के अंत में श्री श्याम सालासर सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें कि सभी भक्तों ने श्री श्याम बाबा के आर्शीवाद के साथ-साथ प्रसाद भी ग्रहण किया।

**कई गणमान्य रहें मौजूद:** कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मंदिर के प्रधान हरि किशोर गुप्ता, उप प्रधान अजय गुप्ता, महासचिव उमेश अग्रवाल, रामनिवास बंसल, समदर्शी के महासचिव संजीव गुप्ता, अरूण खंडेलवाल, देवेंद्र गुप्ता, पंकज गोयल, संजीव गोयल (बंटी) अजय गर्ग, देवेंद्र बंसल, रिंकू गुप्ता, आनंद मित्तल, महेश सिंगल, पंकज गर्ग, विरेंद्र बंसल, मनोज सिंगल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस मौके पर समिति के प्रधान हरि किशन गुप्ता ने कहा कि खाटू वाले श्याम तीन बाणधारी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और जो भी भक्त आज बाबा के दरबार में आया है बाबा उसकी मनोकामना जरूर पूरी करेंगें, तो वहीं संजीव गुप्ता ने मंदिर समिति आयोजकों को बधाई देते हुए कहा है कि बाबा हारे का सहारा है, बस कोई सच्चे मन से याद करें तो बाबा उसके समक्ष तुरंत प्रकट हो जाते है।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की प्रक्रिया का किया निरीक्षण

निरीक्षण

8 -दो पहिया वाहन चालकों के लिए 8 की आकृति व चार पहिया वाहनों के लिए एच ट्रैक भी नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

सीएम फ्लाइंग की टीम ने गुरुवार को लघु सचिवालय में आवेदकों के ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया ड्राइविंग टेस्ट के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। टेस्ट के लिए सांकेतिक चिह्न भी नहीं बनाए गए थे व सुरक्षा के दृष्टिगत ट्रेफिक कान भी उपलब्ध नहीं थे। पार्किंग की जगह पर ही



आवेदकों के टेस्ट लिए जा रहे थे। जहां आवेदकों के बैठने तक की सुविधा नहीं थी। आवेदक पार्क में खड़े रह कर अपने नंबर आने का इंतजार कर रहे थे। सीएम फ्लाइंग की टीम ने निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए सौंप दी है। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की प्रक्रिया के बारे में शिकायतें मिलने पर सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक श्रवण कुमार के नेतृत्व में राजेश, सतनारायाण, सितेंद्र ने लघु सचिवालय में होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि जहां ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट लिया जाता है वह वाहन पार्किंग की जगह है। आवेदकों के लिए बैठने व पानी की व्यवस्था भी नहीं है। वहीं दो पहिया वाहन चालकों के लिए 8 की आकृति व चार पहिया वाहनों के लिए एच ट्रैक भी नहीं बना था। वहीं ढलान टेस्ट के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। टेस्ट लेने वाले एसडीएम कार्यालय के अधीक्षक खानापूर्ति कर रहे थे। वाहन चालक अपनी मर्जी से 8 व एच की आकृति से चला रहे थे जिन्हें टेस्ट में पास कर दिया गया।

-28 आवेदकों के लिए टेस्ट 3 हुए फेलसीएम फ्लाइंग के सामने एसडीएम कार्यालय के अधीक्षक ने 28 आवेदकों के ड्राइविंग टेस्ट लिए।

इस दौरान वाहन चालकों के हेलमेट, सीट बेल्ट व इंडिकेटर से संबंधित बातों का ही ध्यान रखा जा रहा था। अधीक्षक द्वारा किसी भी वाहन चालक से यातायात के नियमों के बारे में नहीं पूछा गया। जबकि लाईसेंस लेने से पहले सड़क सुरक्षा संकेत व नियमों का ज्ञान जरूरी है। बिना जागरुकता के दुर्घटना होती है।

हालांकि ड्राइविंग टेस्ट में 28 में 3 आवेदकों को पूरी तरह से फेल कर दिया गया। जबकि 3 आवेदकों को बाइक टेस्ट में फेल किया गया, जबकि 3 आवेदकों को कार टेस्ट में फेल किया गया।



कुवि के 9 विद्यार्थियों का चयन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में हुआ

## संक्षिप्त खबरें

### नन्ही सी बच्ची में जबरदस्त प्रतिभा

**दलबीर मलिक**
**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**



\ परिवार में अच्छी परवरिश मिले और भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का ज्ञान मिले तो बच्चे की छोटी सी उम्र में प्रतिभा में निखार आता है। ऐसा ही कुछ कुरुक्षेत्र के खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में करीब 20 सालों से बुनाई का कार्य कर रहे रहीश अहमद की 4 वर्ष की बेटी आयत की प्रतिभा में देखने को मिला। खादी संस्थान के सचिव सतपाल सैनी ने भी नन्ही आयत की सराहना करते हुए बताया कि नर्सरी कक्षा में पड़ने वाली इस बच्ची को राष्ट्रीय गान, गायत्री मंत्र व कुछ श्लोक तक कंठस्थ हैं। यह नन्ही बच्ची छोटी से उम्र में सम्मान हासिल कर रही है।

### डॉ संजीव कुमारी को टोक्यो जापान की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका हिंदी की गूंज द्वारा विश्व महिला दिवस 2024 के उपलक्ष में 'सशक्त महिला सम्मान' से नवाजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 14 मार्च ( कुलदीप सिंह )**

हरियाणा की बेटी अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणविद्, लेखिका व वर्ल्ड रिकॉर्डधारी डॉ संजीव कुमारी को टोक्यो जापान की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका हिंदी की गूंज द्वारा विश्व महिला दिवस 2024 के उपलक्ष में 'सशक्त महिला सम्मान' से नवाजा गया है। यह सामान उन्हें पर्यावरण संरक्षण व लेखन के क्षेत्र में काम करने पर दिया गया है। उन्होंने भारत में लुप्त होती लोक संस्कृति को सहेजने का कार्य बेहद ही संजीदगी से किया है। इस दिशा में उन्होंने विष्णु अवतार श्री देवनारायण, लक्ष्मण अवतार पाबूजी व शिव पुरोहित जंगम पर लेखन कार्य करके एक नया इतिहास रच दिया है। उपरोक्त विषयों पर पहली बार लेखन हुआ जिस कारण इन पर लिखी गई पुस्तक इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण के लिए लिखी गई पुस्तक 'झड़ते पत्ते' को हरियाणा साहित्य अकादमी ने श्रेष्ठ कृति 2018 से नवाजा है। हरियाणा की लोक संस्कृति पर भी डॉ. संजीव कई पुस्तकें लिख चुकी हैं, जिनमें से दो पुस्तक हरियाणा साहित्य अकादमी व हरियाणा ग्रंथ अकादमी की सौजन्य से प्रकाशित हैं। पर्यावरण संरक्षण पर किए गए कार्यों के लिए भी उन्हें राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सामान मिल चुका है। डॉ. संजीव कुमारी हिंदी जापानी कल्चरल सेंटर की सदस्या भी हैं । हिंदी की गूंज पत्रिका में उनके लेख प्रकाशित होते रहे हैं। उनका लेखन हिंदी, हरियाणवी, राजस्थानी व पंजाबी में निरंतर जारी है। डॉ संजीव कुमारी हरियाणा सरकार के अनेक राजकीय कन्या विद्यालयों में रोल मॉडल रह चुकी हैं। पत्रिका संपादक डॉ रमन शर्मा ने उन्हें महिलाओं की रोल मॉडल बनने पर बधाई दी है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है व बधाई प्रेषित की जा रही है।

### नशा जीवन की सबसे बड़ी भूल : डा . वीके सारस्वत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

गांधी इंटर कॉलेज छाता मथुरा में कॉलेज के एवं कार्यक्रम अधिकारी दीनानाथ शर्मा के मार्गदर्शन में अधिग्रहित गांव रनवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। दोपहर खाने के बाद बौद्धिक चर्चा में कार्यक्रम अधिकारी दीनानाथ शर्मा के द्वारा सभी स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति अभियान के विषय में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डा. वीके सारस्वत ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नशे करता है तो वह अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल करता है। क्योंकि उसकी आय का एक निश्चित भाग नशे में ही समाप्त हो जाता है और घर की सारी तरक्की रुक जाती है और धीरे धीरे शरीर भी खोखला हो करके बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है और एक दिन समय से पहले शरीर का अन्त हो जाता है इसलिए हम सभी को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को बचाना है तथा सभी स्वयंसेवकों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई तथा अन्य समाज के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। शाम के समय स्वयं सेवकों के द्वारा रैली निकाली गई। स्लोगन के द्वारा सभी गांव वासियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर राम हेत प्रधान जी विजय पाल सिंह,रोहन सिंह, द्वारिका प्रसाद नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## बी आर ग्लोबल स्कूल में दादा-दादी दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

खेड़ी गुज्जर रोड स्थित बी आर ग्लोबल स्कूल को 22 मार्च को मुझे तुमसे प्यार दादा, दादी दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने दी। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के दादा-दादी के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर छात्रों में उत्साह है। स्कूल में हर साल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने छात्रों के अभिभावकों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया।

## आर्य कॉलेज में सतत विकास लक्ष्य चुनौतियाँ विषय पर कॉन्फ्रेंस हुई सम्पन्न

कॉन्फ्रेंस

8 -सतत विकास से 2038 तक हरियाणा राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा

**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत-**

, आर्य कॉलेज के अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग, उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकुला (हरियाणा) एवं सोसायटी ऑफ पाथवेज टू सस्टेनेबिलिटी के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्य चुनौतियाँ और रणनीतियाँ विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आज समापन हुआ। कॉन्फ्रेंस में



मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एन. के. बिश्नोई, प्रोफेसर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार ने शिरकत की। उन्होंने बताया यदि हरियाणा 85 तक रैंक हासिल करता है तो 2038 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने मानव विकास सूचकांक के बारे में भी बताया। इस तरह कई पैरामीटर पर हरियाणा राज्य की स्थिति बहुत अच्छी है। सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में हमें सहायता मिलेगी। प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की सफलता केवल किताबों में ही नहीं बल्कि दैनिक जीवन में भी जरूरी है।

आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं जबकि इन संसाधनों को बचाना जरूरी है, नहीं तो आने वाली पीढियां को उनके बारे में पता ही नहीं चल पाएगा। डॉ. गुप्ता ने बताया कि देश-विदेश से 300 से अधिक रिसर्च पेपर प्राप्त हुए ।

प्रोफेसर डॉ अतवीर सिंह, मेरठ ने अपनी समिति के विषय के बारे में प्रकाश डाला और बताया कि समिति किस प्रकार से सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता कर रही है।

धन्यवाद नोट प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र मोर सचिव ने प्रस्तुत किया और उन्होंने सभी आमंत्रित अतिथियों का व कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

मंच संचालन डॉक्टर मनीष नागपाल ने किया ।

सभी अतिथियों को बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तीन बेस्ट पेपर अवार्ड व तीन बेस्ट पोस्टर प्रेजन्टैशन चुने गए।

इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. रामनिवास, डॉ. मधु गाबा, प्रो. सतवीर सिंह प्राध्यापिका मिनाक्षी चौधरी, डॉ. रमेश सिंगला, डॉ. राजेश गर्ग, आस्था गुप्ता, प्रिया गुप्ता, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. अंजू मलिक, माणिक गुप्ता, नम्रता अरोडा, विवेक गुप्ता समेत सभी कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## नवनियुक्त मुख्यमंत्री का भाजपा नेता नेहरा ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने हरियाणा के नव नियुक्त मुख्य मंत्री नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी को बनाए जाने पर प्रदेश के लोगों में खुशी की लहर है। वे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरह प्रदेश के समान विकास को आगे बढ़ाते हुए जनहित की नीतियां बनाएंगे। इस मौके पर उनके साथ रविन्द्र दिलावर,



एडवोकेट निशांत नेहरा, सोनू खत्री आदि मौजूद थे।

## *पीर बाबा की मजार पर प्रेम सैनी ने लगाया भंडारा, सैकड़ों ने किया प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, ( कुलदीप सिंह )**

भटनागर गली स्थित पीर बाबा की मजार पर बृहस्पतिवार को समाजसेवी प्रेम चंद सैनी व उनके साथियों ने भंडारा लगाया जिसमें स्कूली बच्चों,साधू संतो व गणमान्य लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पीर बाबा के भंडारे में समालखा पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार भी अपने स्टाफ सहित पहुंचे ओर आम लोगों की तरह भंडारे में प्रसाद छक्का। भंडारे के आयोजक प्रेम चंद सैनी ने बताया कि वह पिछले 20-25 वर्षों से बाबा पीर का भंडारा लगा रहे हैं। भंडारे में सबसे पहले स्कूली बच्चियों को प्रसाद कराने के बाद भंडारा शुरू किया गया।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव उमाशंकर ने मेरी फसल मेरा ब्योरा का डाटा लिया अपडेट



**कमाल हुसैन**
**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेरी फसल मेरा ब्योरा,क्रॉप वेरिफिकेशन को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों से प्रगति रिपोर्ट जानी व सभी को रोजाना डाटा अपडेट करने के दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने अब तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा में कितने किसानों ने पंजीकरण कराया है की जानकारी ली। उन्होंने कुछ जिलों की स्थिति पर प्रकाश डाला व सुधार करने व अधिकारियो को ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में कोई रुकावट ना हो सके। उन्होंने स्पेशल वेरिफिकेशन के कार्य का भी अधिकारियो से अपडेट लिया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे उन्होंने सभी गिरदावरी वर्फिकेशन, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना की प्रगति में और गति देने को कहा।

उन्होंने कहा की गिरदावरी का कार्य जल्दी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सभी डीसी,एडीसी, एसडीएम, तहसीलदार को गिरदावरी का कार्य जल्दी से करना होगा। इस मौके पर अधिकारियो ने डाटा संग्रह करने में आ रही समस्या को भी सामने रखा। उन्होंने जितना डाटा कलेक्ट होता है उसे समय पर सेंड करने के निर्देश दिए।

डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया वीडियो कांफ्रेंस के बाद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सारा डाटा एक्सेल शीट में बनाकर उपलब्ध करवाएं ।

उपायुक्त ने सभी तहसीलदारों, खंड एवं विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्य को लेकर और गंभीर हो। इस मौके पर एडीसी डॉक्टर पंकज यादव, एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, तहसीलदार विजेंदर गिल, सौरभ शर्मा, अनिल शर्मा, ललिता दलाल, डीडीए आदित्य डबास,बीडीपीओ शक्ति सिंह,नितिन यादव, विवेक,जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुडा, आदि मौजूद रहे।

## फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान बने सुरेन्द्र गोयल, सचिव कौशिक

गठन

8 फूड ग्रेन एसोसिएशन गन्नौर की बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया।

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

फूड ग्रेन एसोसिएशन गन्नौर की बैठक नई अनाज मंडी में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सुरेन्द्र गोयल को फूड ग्रेन एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। इसके अलावा उपप्रधान विनोद जैन, सचिव अनिल कौशिक, कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी, सरंक्षक औमप्रकाश जिंदल, हरिप्रकाश जिंदल, सुरेश बत्रा,



प्रेमचंद गोयल, सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, मनीष बसंल, अमित गोयल को चुना गया। नवनियुक्त प्रधान व उनकी कार्यकारिणी ने विधायक निर्मल चौधरी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए अनाज मंडी की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। नवनियुक्त प्रधान सुरेन्द्र गोयल, सचिव अनिल कौशिक, उपप्रधान विनोद जैन, सचिव अनिल कौशिक, कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी ने मंडी के आढ़तियों को आश्वाशन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करेंगे और मंडी के विकास के लिए कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडी के आढ़तियों को अगर कोई समस्या आती है तो वे एसोसिएशन को अवगत करवाए। एसोसिएशन उनकी समस्या के समाधान के लिए कदम उठाएगी।

## 2 वर्षों से बसंत विहार में टूटी मुख्य गली का हुआ निर्माण, 12 लाख रुपये खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

लंबे समय से वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी भारत गैस एंजेसी वाली मुख्य गली का निर्माण होने से लोगों से राहत की सांस ली है। गली के निर्माण कर 12 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। बता दें कि गली अगवानपुर फाटक से बाजार में आने वाली बसंत विहार की यह मुख्य गली है। करीब दो साल से पेयजल आपूर्ति लाईन दबाने के बाद भी गली को ठीक नही किया गया था। जिससे लोग काफी समय से बहुत परेशान हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नही कर रहे थे। नगरपालिका को मिल रही शिकायत पर जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ



नोटिस जारी किए, लेकिन गली का निर्माण नही हो पाया। नगरपालिका रोड से अगवानपुर रोड रेललवे फाटक की तरफ जाने का यह सबसे छोटा रास्ता हे। जिस कारण वाहनचालक गली के अंदर से निकलते हैं। गली की हालत जर्जर होने के कारण वाहन चालक लंबे समय से परेशान थे। बरसात होने के बाद इस गली से निकलने में और अधिक परेशानी होती थी। ऐसे में लगातार गली निर्माण की मांग लोगों द्वारा की जा रही थी। जिसके चलते अब नगरपालिका द्वारा गली का निर्माण करवा दिया गया गया है।

-सीसी से बनाई गई गली

नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि बंसत बिहार वाली गली के निर्माण के लिए 12 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। गली सीसी से बनाई गई है, जिस वजह से गली निर्माण होने के बाद उसे कुछ दिन के लिए बंद रखा था। अब गली को खोल दिया गया है। लोगों को अब गली से आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

## बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में 17 मार्च को छात्रवृति परीक्षा का आयोजन

### - प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को मिलेगा इनाम : प्रधानाचार्य

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जी टी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में 17 मार्च को छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए हुए स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले छात्र अपना आवेदन आनलाईन 16 मार्च तक स्कूल के लिंक के माध्यम से कर सकते है। इसके बाद भी वंचित रहने वाले छात्रों के लिए आन दा स्पोट



आवेदन 17 मार्च को स्कूल में सुबह किए जाएंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को 3100 रुपएं, द्वितीय को 2100 व तृतीय को 1100 रुपएं के नकद इनाम दिए जाएंगे। परिणाम की घोषणा 17 मार्च को कर दी जाएगी।

परीक्षा में बहुवैक्लिप प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने छात्रों से परीक्षा में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 15 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव गोपाल सिंह ने दिया इस्तीफा

**देहरादून:** लोकसभा चुनाव की आहट से उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं में इस्तीफा देने का सिलसिला शुरू हो गया है। अब एक और कांग्रेस नेता और पार्टी के प्रदेश सचिव ने अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव गोपाल सिंह रावत ने इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि भव्य राम मंदिर की स्थापना, कश्मीर से धारा 370 हटाना और अन्य कई ऐसे मुद्दे हैं, जिससे भारत का प्रत्येक नागरिक जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान देश में नागरिक हितों में कई निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता गोपाल सिंह रावत ने कांग्रेस एवं संगठन के सभी पदों से अपना इस्तीफा देने की घोषणा की। अब गोपाल सिंह रावत के भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम सकने की अटकलें लग रही हैं।

## यह लोकसभा चुनाव 2050 के भारत का भविष्य तय करेगा : सुब्रत पाठक

टीम एक्शन इंडिया
**औरैया:** जनपद में जन आशीर्वाद यात्रा सम्मेलन में कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक ने कहा वर्ष 2014 के पहले की जो सरकारें थीं, वह झूठे वादे कर जनता को छलने का काम करती थीं। वे टोपी लगाकर मजार पर जाते थे और मुख्यमंत्री आवास में रोजा खोला जाता था। भाजपा की सरकार बनने के बाद से सपा, बसपा व कांग्रेस नेता मंदिरों में जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव वर्ष 2050 के भारत का भविष्य तय करेगा। पाठक ने कहा कि देश किसी की संपत्ति नहीं है। यह देश सभी का व महापुरुषों का है। राम लला अब टेंट से निकल कर भव्य भवन में आ गए हैं। सपा के लोग मंदिर में दर्शन करने भी नहीं गए। सपा परेशान है कि सत्ता में आकर दीवारों में नोट एकत्र करें ताकि दीवार तोड़ने पर रुपये निकलें। सपा में पहले परिवारवाद था लेकिन अब वंशवाद है। समाजवादी पार्टी अपने घर को नेता और मंत्री बनाने में लगी है। भाजपा में छोटा व गरीब की कोख से जन्म लेने वाला कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बन सकता है। इसका उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। इस वंशवाद, जातिपात को आप सभी को समाप्त करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष शुक्ला, दिनेश राठौर उर्फ राजू, बीनू पंडित, टीटू भदौरिया, श्यामू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बॉर्डर पर सड़क नेटवर्क को मजबूत करना प्राथमिकता- उपमुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
**जयपुर:** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बाड़मेर के सीमावर्ती क्षेत्र में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नौ सडकों के निर्माण की मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से बॉर्डर एरिया से जुडे. गांवों व सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सीमा सुरक्षा बल की चौकियों तक सड़क नेटवर्क मजबूत होगा।

# आपदा में फरिश्ता बने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू...

## प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फौरन मोर्चा संभाला









टीम एक्शन इंडिया
**शिमला:** नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर हिमाचल प्रदेश में पिछले साल मानसून में सदी की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा भीतर तक गहरे जख्म दे गई। सामान्य से बहुत अधिक बारिश के कारण आई आपदा से लगभग पूरे प्रदेश में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हजारों घरों को नुकसान पहुंचा, कई सड़कें व पुल टूट गए, बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई और पेयजल योजनाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। इस आपदा में हिमाचल ने 500 से अधिक अमूल्य जीवन खोए। आपदा से लगभग 12,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस अभूतपूर्व आपदा से निपटने और प्रभावित लोगों का जीवन फिर पटरी पर लाने के मजबूत इरादे के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फौरन मोर्चा संभाला। संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री का दृढ़ संकल्प रोते-बिलखते परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बना और मुख्यमंत्री उनके लिए फरिश्ता साबित हुए।
हालात की गंभीरता देखकर ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्राउंड जीरों पर खुद मोर्चा संभाला और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी शुरू की। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुरूप मंडी, कुल्लू, लाहौल स्पिति, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला, ऊना जिलों में विभिन्न स्थानों पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया। दुर्गम स्थानों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं का उपयोग किया गया और मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। शिमला जिले में सड़कों की तत्काल बहाली की गई ताकि सेब उत्पाद को समय पर बाजार पहुंचाया जा सके। बचाव दल युद्ध स्तर पर प्रभावितों को भोजन, दवाइयां एवं अन्य सहायता सामग्री प्रदान करने के लिए दिन-रात कार्य करते रहे। जिला लाहौल-स्पिति के चंद्रताल में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी एवं मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के नेतृत्व में मुश्किल बचाव अभियान में 4 फुट बर्फ की मोटी चादर को काटकर 250 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। मुख्यमंत्री किन्नौर जिला के सांगला से पर्यटकों को अपने साथ हेलिकॉप्टर से शिमला लाए। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं राहत शिविरों में जाकर लोगों से बातचीत कर, उनका हाल जाना, व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उनके साथ भोजन किया, उनका दुःख-दर्द बांटा।
प्रदेश सरकार ने भारी वर्षा के कारण आई आपदा में फंसे लोगों और पर्यटकों को निकालने के अभियान को पूरा करते हुए लगभग 70,000 पर्यटकों व लोगों को सुरक्षित रवाना किया तथा 15,000 गाडियों को वापिस भेजा। कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के साथ मुख्यमंत्री ने जिला कुल्लू, जिला मंडी के द्रंग के दियोरी गांव में आपदा प्रभावित पीड़ितों से मिलकर उनका दुःख-दर्द बांटा। दुःख की इस घड़ी में मुख्यमंत्री ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया। आपदा से निपटने के लिए उठाए गए कारगर कदमों और सशक्त नेतृत्व के लिए वैश्विक स्तर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सराहना की गई। नीति आयोग ने उनके कुशल प्रबंधन की प्रशंसा की तो विश्व बैंक ने प्रदेश सरकार के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने भी प्राकृतिक आपदा से निपटने व बेहतर कार्य के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने आपदा के दौरान बेहतरीन नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस से नवाजा।
प्रदेश में आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आपदा राहत कोष-2023 बनाया गया। प्रदेश में सीमित संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया।

### नई पहल: इंतकाल के वर्षों से लंबित मामले मौके पर किए हल

**फरवरी,** 2024 तक इंतकाल के 1,05, 839 व तकसीम के 6,965 मामले निपटाए गए राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं और एक ऐसी ही अनूठी पहल है प्रदेश भर में इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों का आयोजन। इन अदालतों का उद्देश्य लंबित इंतकाल और तकसीम के मामलों का मौके पर ही निपटारा कर आमजन को लाभान्वित करना है। यह पहली बार है कि प्रदेश में तहसील और उप-तहसील स्तर पर इस तरह की राजस्व लोक अदालतें आयोजित की जा रही हैं। ये अदालतें उन लोगों के लिए अत्यधिक फायदेमंद साबित हुई हैं, जो राजस्व सम्बंधी मामलों के समाधान के लिए राजस्व कार्यालय के लगातार चक्कर लगा रहे थे। इनके माध्यम से इस वर्ष फरवरी माह तक रिकॉर्ड 1,05,839 इंतकाल और 6,965 तकसीम के लंबित मामलों का मौके पर समाधान किया गया। इस नवीन पहल से समाज के सभी वर्गों से भरपूर समर्थन मिल रहा है

### भूमि विवाद सुलझाने में अब देर नहीं

**31 साल बाद बदला हिमाचल प्रदेश लैंड कोड:** राजस्व से संबंधित मामलों के दक्षता से निपटारे में मदद तथा भूमि से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निवारण सुनिश्चित बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश लैंड कोड में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में 'हिमाचल प्रदेश लैंड कोड के नवीन संस्करण का अनावरण किया। इसमें राजस्व एवं अन्य विभागों के भूमि से संबंधित मामलों के कानूनों का संकलन किया गया है। हिमाचल प्रदेश लैंड कोड का पहला संस्करण 1992 में प्रकाशित किया गया था तथा 1992 के बाद से इसे संशोधित नहीं किया गया था। इससे पूर्व भी भूमि से संबंधित अनेक कानूनों को संशोधित कर कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस लैंड कोड में राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 64 अधिनियम, 59 नियम तथा लगभग 340 अधिसूचनाएं एवं दिशा-निर्देशों को संकलित किया गया है। प्रत्येक उपायुक्त, एसडीएम व तहसील कार्यालयों में यह लैंड कोड उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि विभागीय अधिकारियों को विभिन्न अधिनियम, नियम, अधिसूचनाओं व दिशा-निर्देशों की अद्यतन जानकारी सुगमता से मिल सके। इस कोड से उन्हें राजस्व से संबंधित मामलों के निपटारे को दक्षता से सुलझाने में मदद मिलेगी तथा भूमि से संबंधित शिकायतों का निवारण जल्द होने से लोगों को भी राहत मिलेगी।

### सुक्खू सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया

- पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा: 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपये
- कच्चे घरों को आंशिक नुकसान पर मुआवजा: 4,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये
- पक्के घर को आंशिक नुकसान पर मुआवजा: 6,500 से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये
- दुकान या ढाबे को नुकसान पर मुआवजा: 25,000 से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये और गौशाला के लिए 3000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये
- कृषि-बागवानी योग्य भूमि के नुकसान पर मुआवजा: 3615 रुपये प्रति बीघा से बढ़ाकर 10,000 रुपये
- गाय-भैंस की मृत्यु पर मुआवजा: 37,500 रुपये से बढ़ाकर 55,000 रुपये
- प्रदेश में 22,130 लाभार्थियों को राहत सहायता प्रदान की गई
- प्रभावितों को बिना आय सीमा शहरी क्षेत्र में दो बिस्वा भूमि तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तीन बिस्वा भूमि का प्रावधान
- जिनके घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनको नया घर बनाने के लिए मुफ्त बिजली-पानी के कनेक्शन व
- सरकारी दरों पर सीमेंट उपलब्ध करवाया जा रहा है
- राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को किराये पर मकान लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 10,000 रुपये का प्रावधान
- 6 महीनों तक इन परिवारों को रसोई गैस 20 किलोग्राम आटा, 15 किलोग्राम चावल, 3 किलोग्राम दाल, दो किलोग्राम चीनी और 2 लीटर तेल मुफ्त दिया जा रहा है
- आपदा प्रभावित परिवारों को मुफ्त घरेलू रसोई गैस कनेक्शन किट प्रदान की गई
- विशेष आपदा राहत पैकेज के तहत विभिन्न जिलों के हजारों आपदा प्रभावित परिवारों को राहत के तौर पर प्रथम किस्त के रूप में तीन-तीन लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई
- देश में यह सबसे उदार आपदा राहत पैकेज है
- हिमाचल के जननायक मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सच में गरीबों के मसीहा बने।

## 'पीएम मोदी एवं शाह ने भाजपा को नई ऊंचाई दी'



टीम एक्शन इंडिया
**प्रयागराज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। जिसमें कार्यकर्ताओं की कमर तोड़ परिश्रम रही है। जहां भाजपा का कमल नहीं खिलता था,आज नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में कमल खिल रहा है। हमने असम और नागालैंड में अपनी सरकार बनाई है और त्रिपुरा से वामपंथी सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया है। अब पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी को उखाड़ फेंकने की तैयारी है। यह बातें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित क्लस्टर बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा के चुनाव में हमारा जीतना तय है लेकिन जीत का आंकड़ा हमें 400 सीटों के पार करना होगा। उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचा है और बिहार में भी लालू प्रसाद यादव के जंगल राज का अंत कर दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर देश का मतदाता भाजपा को वोट देने के लिए उत्साहित है। इसलिए चुनाव में लगे सभी जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से सम्पर्क एवं संवाद स्थापित कर लाभार्थी एवं मतदाताओं से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

**उपलब्धि**

**त्रिपुरा से हमने वामपंथियों को उखाड़ फेंका, अब बंगाल में ममता की बारी : रवि शंकर प्रसाद**

## जल्द चमचमाएंगी मसूरी विधानसभा की सड़कें

टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून:** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को विजय कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विजय कॉलोनी, किशन नगर, धोरण खास तथा सरोगांव व धनोला में एमडीडीए की ओर से स्वीकृत 520.44 लाख रुपये की विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। अब जल्द ही मसूरी विधानसभा की सड़कें चमचमाती नजर आएंगी और वाहन भी सरपट दौड़ सकेंगे। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समय सीमा का ख्याल रखने के निर्देश दिए।

## अयोध्या को सीएम योगी ने दी करोड़ों की सौगात



टीम एक्शन इंडिया
**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में 1,090 करोड़ की 411 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह में भी शामिल हुए। साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चयन पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस न आस्था का सम्मान करते हैं, न आजीविका की व्यवस्था कर सकते हैं। न तो गरीब को अन्न दे सकते हैं, न आवास, न दवाई, न पढ़ाई की व्यवस्था ही कर सकते हैं। न तो बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा ही दे सकते हैं। ऐसे में हमें भी इन्हें सिर पर बोझा बनाकर ढोने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए, इस बोझ को उतारकर देश से बाहर फेंक देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी से लेकर 10 मार्च तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। यह प्रभु की ही कृपा है कि चहुंओर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। यही नहीं अयोध्या वासियों ने भी आतिथि सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज अयोध्या का नाम पूरी दुनिया में गूंज रहा है। कुछ लोग कहा करते थे कि यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, अब तो एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या सपा या कांग्रेस की सरकार होती तो एयरपोर्ट, 4 लेन, 6 लेन सड़कें बन पातीं, क्या प्रदेश में सुरक्षित माहौल बन पाता।

## होली पर हर रूट के यात्रियों को घर पहुंचाएंगी परिवहन निगम की बसें

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ:** होली के पर्व पर उत्तर प्रदेश के निवासियों को घर लौटने के लिए हर रूट पर भरपूर बसें उपलब्ध रहेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम 22 मार्च से एक अप्रैल तक होली स्पेशल बसों का संचालन करने जा रहा है। ये बसें एक अप्रैल तक चलेंगी। उल्लेखनीय है कि इस बार होली 24 और 25 मार्च को होनी है। इसके बाद गुड फ्राइडे, शनिवार और रविवार की छुट्टी है। ऐसे में पूरे सप्ताह भर के लिए ही लोग अपने घरों को आने-जाने के लिए बसों को प्राथमिकता देंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने होली स्पेशल बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान परिवहन निगम अपने चालक और परिचालकों को प्रोत्साहन भत्ता भी प्रदान करेगा। 10 दिन तक अधिकारियों और कर्मचारी की छुट्टियां भी रद कर दी गई हैं।

**शत प्रतिशत बसें होंगी ऑन रोड:** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि के दिनों में दिल्ली से पूर्वी दिशा के यात्रियों को ले जाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में बसें चलाई जाएंगी जो होली पर्व की शाम तक यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती रहेंगी। ऐसी ही व्यवस्था लखनऊ और कानपुर नगरों में यातायात प्रबंधन के लिए की जाएगी।

## श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ देने के लिए बनेगी कमेटी

टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित के संबंध विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित के संबंध में बैठक हुई.बैठक में उत्तराखंड राज्य में कार्यरत संविदा, सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम-1948 के अंतर्गत आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तार से विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने सभी पहलुओं पर गहन मंत्रणा करने के पश्चात सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम की अध्यक्षता में इसके सभी पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, एडीजी अमित सिन्हा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सौंदर्यवर्धन**

### अगर किसी की भी पेपर लीक में भागीदारी हुई तो वह एसओजी की जेल में होगा: एडीजी एसओजी

## पेपर लीक करने वालों की खैर नहीं: एडीजी एसओजी



टीम एक्शन इंडिया
**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को ओटीएस चौराहे स्थित मुख्यमंत्री आवास (सीएमआर) में पेपर लीक को लेकर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम की बैठक ली गई। इस अहम बैठक में एसआईटी की ओर से अब तक की कार्रवाई,जांच और गिरफ्तारियों को लेकर मुख्यमंत्री को फीडबैक दिया गया है। साथ ही एसआईटी की ओर से अब तक हुई पूरी कार्रवाई का ब्योरा मुख्यमंत्री को सौंपा गया। एसओजी की तरफ से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव के अनुसार, एसआईटी विंग में स्टाफ की कमी है। इसलिए उनकी संख्या बढ़ाने (नफरी) और जिलों में एसआईटी विंग की स्थापना करने की जरूरत बताई गई है। माना जा रहा है कि जिलों में एसआईटी विंग की स्थापना होने के बाद तमाम मामलों की छानबीन में मदद मिलेगी। इस दौरान बैठक में पुलिस महानिदेशक राजस्थान यू आर साहू, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी वीके सिंह सहित तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रदेश में सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) वीके सिंह ने कहा कि अगर किसी की भी पेपर लीक में भागीदारी सामने आई तो वह सीधा एसओजी की जेल में होगा। उन्होंने कहा कि एसओजी की कार्रवाई से जो लोग अभी तक निराश थे। उनके मन में आशा जगी है। एसआई भर्ती के खुलासे और गिरफ्तारियों के बाद लोगों में अच्छा मैसेज गया है। उन्होंने कहा कि हमारा पक्ष कोर्ट में भी मजबूत रहेगा। आने वाले समय में लोगों को महसूस होगा कि पुलिस ने कितनी प्रोफेशनल तरीके से मेहनत के साथ सभी चीजों को एग्जीक्यूट किया है। सिंह ने कहा कि पेपरलीक से जुड़ी गैंग वैसे तो अलग-अलग है। लेकिन इनमें भी पैसे को लेकर जानकारी का एक्सचेंज होता है। इस गैंग के कुछ लोग हरियाणा में इस तरह से काम करने वालों से जुड़े हैं। लेकिन उनका इसमें कितना रोल है।

**बैठक**

**मुख्यमंत्री ने पेपर लीक को लेकर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम की बैठक ली गई**

## सरकार ने संत-धमार्चार्यों के निवेदन का मान रखा : देवकीनंदन महाराज



टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा:** सनातन धर्म से जुड़ी पांच माँगों को लेकर दिल्ली में आयोजित सनातन संत संसद का सरकार ने संज्ञान लिया है। आयोजन में ओटीटी प्लेटफार्म एवं सोशल मीडिया हैण्डलों पर अश्लील चलचित्र, वेबसीरीज रोकने की माँग प्रमुखता से उठाई गयी थी। जिस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री दिखाने वाले तीन दर्जन से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म एवं वेबसाइटों को प्रतिबंधित कर दिया है। निर्णय पर देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने खुशी जताई है।
गौरतलब हो कि गुरुवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने देश में अश्लील और भद्दे कंटेट, वीडियो, वेबसीरीज प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्म एवं इनसे जुड़ी 19 वेबसाइटों पर सख्त कार्यवाही करते हुये प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्वीटर), यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर चल रहे 57 सोशल मीडिया हैण्डलों को भी बंद करवाया गया है। इसके अतिरिक्त गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से 10 अश्लील एप्स की डाउनलोडिंग भी अब नहीं हो पायेगी।
**सनातन संत संसद में उठाई थी अश्लील वैबसीरीज पर रोक की माँग:** विगत 25 फरवरी को देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज की अगुवाई में दिल्ली के पटपड़गंज में सनातन संत संसद आयोजित की गयी थी। जिसमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्तिकरण, ईशनिंदा कानून, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से छूट, जनसंख्या नियंत्रण कानून के साथ समाज को पथभ्रष्ट करने वाले अश्लील वैबसीरीज पर रोक लगाने की माँग प्रमुखता से रखी गयी थी।